

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,बुधवार 26 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-327 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# शिवधाम में अभिषेक करने सुबह से भक्तों का तांता

## छत्तीसगढ़ में महाशिवरात्रि की धूम

रायपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़

महाशिवरात्रि पर आज ग्राम तुलसी (पाटन) स्थित शिवधाम अघोरेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का जलाभिषेक करने तांता लगा रहा। खारुन नदी के किनारे स्थित शिवधाम में भोले भंडारी विशाल शिवलिंग के रूप में स्थापित हैं वहीं पारा निर्मित शिवलिंग भक्तों के आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। आज पूर्वान्ह 11 बजे पूजन व रुद्राभिषेक के साथ महाशिवरात्रि पर्व का श्रीगणेश हुआ। दोपहर ढाई बजे प्रसादी वितरण किया गया। शिवधाम परिसर में भगवान अघोरेश्वर राम तथा मां काली (अघोरेश्वरी) का भक्तों ने दर्शन कर पुण्य कमाया। कई भक्तों ने यहां विशेष पूजा व अभिषेक कराया। शाम को बाबा भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी। भाटाांव-खुड़मुड़ा-झीट-खुड़मुड़ी के रास्ते शिवधाम तुलसी पहुंचा जा सकता है। रायपुर से महादेवघाट, अमलेश्वर, मोतीपुर, झीट होते हुए पाटन मार्ग से भी तुलसी पहुंच सकते हैं। देशभर में आज महाशिवरात्रि की धूम है. वहीं छत्तीसगढ़ में भी इस पर्व को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है. प्रदेश के सभी शिवालयों में सुबह 4 बजे से ही भोलेनाथ के दर्शन करने और उनका अभिषेक करने बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं. भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया है और मंदिरों में भी सुंदर फूलों से साज-सज्जा की गई है. पूरा प्रदेश आज शिवमय हो गया है. प्रदेश के



प्रसिद्ध शिव तीर्थों में आज महाशिवरात्रि का पर्व काफी धूम धाम से मनाए जाने की तैयारी है. विशेष पूजा और जलाभिषेक किया जा रहा है. शाम को गाजे-बाजे के साथ भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी. जगह जगह प्रसाद वितरण भी किया जाएगा.

**राजिम के कुलेश्वरनाथ महादेव**-राजिम स्थित कुलेश्वरनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है. श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद बाबा का दर्शन करने पहुंच रहे हैं. यहां आयोजित राजिम कल्प मेले का आज भव्य समापन होगा, जिसमे सीएम साय भी शामिल होंगे. इस अवसर पर प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालु पहुंचे हैं.

**गरियाबंद के स्वयंभू भूतेश्वरनाथ**-वहीं गरियाबंद स्थित विशालतम प्राकृतिक स्वयंभू शिवलिंग भगवान भूतेश्वरनाथ में भी लगी भक्तों की भीड़ लगी हुई है.

## संक्षेप

### फर्नीचर दुकान में आग, लाखों का सामान खाक

**तखतपुर,26 फरवरी।** बिलासपुर जिला के तखतपुर में लक्ष्मी फर्नीचर दुकान में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई. घटना में दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है. आग की तेज लपटों ने देखते ही देखते प्लाई, पलंग और अन्य लकड़ी के सामानों को अपनी चपेट में ले लिया. सूचना के बाद पुलिस और दमकल की वाहन मौके पर पहुंची हुई है. आगे बुझाने का प्रयास लगातार जारी है. तखतपुर नगर पालिका में दमकल व्यवस्था न होने के कारण आग बुझाने के लिए अब तक दमकल वाहन नहीं पहुंच सका है. वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस हालात पर काबू पाने और भीड़ को नियंत्रित करने में जुटी हुई है. फिलहाल दुकान में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है. पुलिस और स्थानीय प्रशासन घटना की जांच में जुटा हुआ है. दुकान मालिक को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है.

### छेर-छेरा पुन्नी के दान से बना है कांग्रेस भवन : बैज

**रायपुर,26 फरवरी।** सुकमा और कोंटा के राजीव भवन निर्माण को लेकर ईडी के समन पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं का पारा चढ़ा हुआ है. पीसीसी चीफ दीपक बैज ने ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए उल्टे भाजपा पर 15 साल की काली कमाई से कार्यालय के निर्माण का आरोप मढ़ा है. छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मीडिया से चर्चा में ईडी से 200 करोड़ की लागत से बने बीजेपी कार्यालय का हिसाब लेने की कही बात है. उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है. उन्होंने सेंट्रल एजेंसी पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया. बैज ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए कार्यकर्ताओं के सहयोग और छेर-छेरा पुन्नी के दान से कांग्रेस भवन बना था. हमारे पास पाई-पाई का हिसाब है, उसकी जानकारी देंगे. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि क्या 5 स्टार होटल की तरह बने बीजेपी मुख्यालय के लिए ईडी बीजेपी से पूछताछ करेगी.

### दो बसों में भिड़ंत 5 यात्री घायल

**रायपुर.26 फरवरी।** शहर के टाटीबंध इलाके में तेज रफ्तार बस ने खड़ी बस को ठोकर मार दी. हादसे में 5 यात्री घायल हुए हैं. वहीं दोनों बसों के बीच एक महिला फंस गई थी, जिसकी हालात गंभीर है. घायलों को एम्स अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है. मिली जानकारी के मुताबिक, टाटीबंध ब्रिज के निचे सवारी बस खड़ी हुई थी. इस बीच सरोना की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस ने खड़ी हुई बस को ठोकर मार दी. हादसे में 5 यात्री घायल हो गए. भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि एक बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. एक महिला दोनों बसों के बीच में फंस जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई. सभी घायलों को एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## महाकुंभ के अंतिम दिन 60 लाख से अधिक लोगों ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज,26 फरवरी।** दुनिया का सबसे बड़ा समागम महाकुंभ मेला आज महाशिवरात्रि स्नान के साथ समाप्त होने जा रहा है। महाकुंभ में पांच पवित्र स्नान हुए जिनमें से तीन अमृत स्नान थे। जबकि 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और 3 फरवरी को बसंत पंचमी अमृत स्नान थे, 13 जनवरी को पौस पूर्णिमा, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि अन्य महत्वपूर्ण स्नान दिन थे। सरकार ने इसे सफल आयोजन बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रौद्योगिकी को शामिल करने और हाई-अलर्ट सुरक्षा उपाय करने के कारण यह आयोजन आकर्षण का केंद्र बन गया। महाशिवरात्रि के कारण समापन की ओर बढ़ने के बावजूद महाकुंभ में भक्तों की संख्या में भारी वृद्धि हुई। प्रयागराज



में जिला प्रशासन और मेला प्रशासन ने महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाने के लिए शहर में प्रवेश करने वाले भक्तों की सुविधा के लिए व्यापक यातायात व्यवस्था की है। महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर स्थित नियंत्रण कक्ष से महाकुंभ की व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं, क्योंकि श्रद्धालु महा शिवरात्रि पर पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। योगी ने एक्स पर लिखा कि महाकुम्भ-2025, प्रयागराज में भगवान भोलेनाथ की उपासना को समर्पित महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर आज त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने हेतु पधारे सभी पूज्य साधु-संतों, कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन! त्रिभुवनपति भगवान शिव और पुण्य सलिला माँ गंगा सभी का कल्याण करें, यही प्रार्थना है। हर हर महादेव! मौजूदा महाकुंभ की शुरुआत के बाद से 63.3 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। अकेले सोमवार को 1.30 करोड़ से अधिक लोगों ने पवित्र स्नान किया।

### सड़क हादसे में राज्यसभा सांसद महुआ मांझी घायल

लातेहार,26 फरवरी। सदर थाना क्षेत्र के होटवाग एनएच 75 के खुशबू ढाबा के समीप एक खड़ी ट्रक और कार की भीषण टक्कर होने के बाद कोहराम मच गया। इस दुर्घटना में जेएमएम की राज्यसभा सांसद महुआ मांझी समेत पुत्र, बहू व चालक घायल हो गए। सांसद की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में राज्यसभा सांसद महुआ मांझी उम्र 65 वर्ष, पुत्र सोमबीत मांझी उम्र 42 वर्ष ,बहू कृति श्री वास्तव मांझी उम्र 36 वर्ष व चालक भूपेंद्र बासकी का नाम शामिल हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े ने तत्परता दिखाते हुए 108 एम्बुलेंस माध्यम से सभी घायलों को सदर अस्पताल लातेहार लाया गया।



### बीजापुर के शिवमंदिर में भक्तों की भीड़

**बीजापुर,26 फरवरी।** महादेव घाट शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने भक्तों की भीड़ जुटी रही। शिव मंदिर में भजन कीर्तन चलता रहा। आस पास सड़क किनारे पूजा सामग्री लिए छोटी छोटी दुकानें सजी रही। भक्त जन श्रद्धा अनुसार पूजन सामग्री खरीद कर मंदिर में चढ़ा रहे थे। महादेव घाट स्थित शिव मंदिर का माहौल भक्ति मय हो गया था।

### 2 मई को खोले जाएंगे केदारनाथ के कपाट

**उत्तराखंड,26 फरवरी।**विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट इस वर्ष 2 मई को सुबह 7 बजे भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए जाएंगे। महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद इसकी घोषणा की गई। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और



भगवान शिव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय की गई। पुजारियों और विद्वानों की उपस्थिति में विधिवत अनुष्ठान के बाद यह निर्णय लिया गया। की 28 अप्रैल को बाबा केदार की डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर से केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। 1 मई को बाबा केदार की डोली केदारनाथ पहुंचेगी। 2 मई को प्रातः 7 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक विधि-विधान के साथ केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए जाएंगे। पिछली बार 3 नवंबर को भगवान केदारनाथ के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक परंपराओं के साथ बंद किए गए थे। इस दौरान भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नृत्य करते नजर आए थे।

## 3 करोड़ की शराब के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**जशपुर,26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की जशपुर पुलिस ने अंतराज्यीय शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो दिन में तीन करोड़ रूपये की शराब पकड़ी है. ऑपरेशन आघात के तहत दो तस्करों को 14,027 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस ने शराब तस्करों के संगठित नेटवर्क का भी खुलासा किया है. शराब तस्करों के संगठित नेटवर्क का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि पंजाब से अवैध शराब लोड कर ट्रकों के जरिए झारखंड और बिहार भेजा जा रहा था। पकड़े गए ट्रक चालकों ने पूछताछ में खुलासा किया कि तस्करएक ही पैटर्न के तहत काम कर रहे थे, जिसमें ड्राइवरों को सिर्फ निर्धारित जगह तक ही ट्रक पहुंचाने का निर्देश दिया जाता था. ट्रक कहां से लोड हुआ और कहां खाली होगा, इसकी जानकारी भी उन्हें नहीं दी जाती थी. बता दें कि दो दिन पहले मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध ट्रक क्रमांक



PB 11CP2003 को लोरो घाट के पास पकड़ा. चेकिंग की तो ट्रक में पंजाब राज्य से अवैध शराब लोड कर झारखंड, बिहार राज्य की ओर ले जाया जाना सामने आया. इस ट्रक से पुट्टी सीमेंट की बोरी से छिपाकर रखी 790कार्टून, कुल 7015लीटर पंजाब राज्य के अवैध अंग्रेजी शराब मिली थी. जिसकी कीमत डेढ़ करोड़ रुपए बताई गई है. आरोपी ट्रक चालक श्रवण सिंह को गिरफ्तार किया गया था. आरोपी चालक को मालूम नहीं होता था कि शराब कहां से लोड हुई और कहां अनलोड हुई. बड़े सिंडिकेट के शामिल होने की संभावना पर जशपुर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक से जप्त मोबाइल के डाटा के आधार की चेकिंग की. जिसके आधार पर अवैध अंग्रेजी शराब से भरी एक और ट्रक के बारे में पता चला. जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल अनूपपुर मध्य प्रदेश रवाना की गई. यहां ट्रक क्रमांक P,14DT,7849 को जप्त किया गया. जिसमें 784 पेटी, 7012 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब मिली. जिसकी बाजार में कीमत लगभग ढाई करोड़ रूपए के लगभग है. आरोपी ट्रक चालक चालक बलविंदर को हिरासत में ले लिया गया है. जशपुर एसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि इस मामले में जांच जारी है और पुलिस जल्द ही तस्करी नेटवर्क के सरगनाओं तक पहुंचने की कोशिश करेगी. इस कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम को नगद इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा.

## भारत-अफ्रीका रिलेशन : शोषणकारी मॉडल नहीं साझेदारी पर फोकस : जयशंकर

**नई दिल्ली,26 फरवरी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को अफ्रीका के साथ चीन के शोषणकारी मॉडल जिक्र करते हुए कहा कि इस बात पर जोर दिया कि अफ्रीका के प्रति भारत का दृष्टिकोण हमेशा दीर्घकालिक, पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी बनाने की गहरी प्रतिबद्धता द्वारा निर्देशित रहा है। जापान-भारत-अफ्रीका बिजनेस फोरम को वर्चुअली संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अफ्रीका के प्रति भारत का दृष्टिकोण हमेशा दीर्घकालिक, पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी बनाने की गहरी प्रतिबद्धता द्वारा निर्देशित रहा है। जयशंकर ने कहा कि जुड़ाव के निष्कर्षण मॉडल के विपरीत, भारत क्षमता निर्माण, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में विश्वास करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि अफ्रीकी देशों को न केवल निवेश से लाभ होता है बल्कि आत्मनिर्भर विकास पारिस्थितिकी तंत्र भी विकसित होता है। उन्होंने कहा कि भारत अफ्रीका का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार लगभग 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है और लगातार बढ़ रहा है। भारत ने अफ्रीका की कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता जताई है, जिसमें 12 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का रियायती ऋण और रेलवे, बिजली उत्पादन, कृषि और जल आपूर्ति जैसे क्षेत्रों में पूरे महाद्वीप में 200 से अधिक पूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि पेयजल योजनाओं से लेकर सिंचाई, ग्रामीण सौर विद्युतीकरण, बिजली संयंत्र, ट्रांसमिशन लाइनें, सीमेंट, चीनी और कपड़ा कारखाने, प्रौद्योगिकी पार्क, रेलवे बुनियादी ढांचे आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत की विकास परियोजनाओं ने स्थानीय रोजगार पैदा किया है और वास्तव में, अफ्रीका में जीवन बदल दिया है।




### बसंत अग्रवाल ने मोदी का किया स्वागत

**छतरपुर,26 फरवरी।** श्री बागेश्वर धाम में एक ऐतिहासिक और पावन अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री बागेश्वर धाम कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च इंस्टिट्यूट का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। यह संस्थान देशभर के कैंसर रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी बसंत अग्रवाल ने विशेष रूप से उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर हेमेंद्र साहू, आजाद गुर्जर, आशीष सोनी, जिवेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### महापौर समेत 70 पार्षद लेंगे 27 को शपथ

**रायपुर,27 फरवरी।** राजधानी रायपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे समेत सभी 70 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे बूढ़ातालाब के पास सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में होगा। इस आयोजन को लेकर नगर निगम प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। 15 साल बाद भाजपा की नगर निगम में सत्ता में वापसी के चलते यह समारोह खासा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, रामविचार नेताम, ओपी चौधरी और सांसद बृजमोहन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## एक नजर



**उतई, 26 फरवरी।** महाशिवरात्रि पर्व पर अंचल के ग्रामों में खोपली , कतारो , कारगडीह ,उतई ,कोकड़ी,कोडिया ,पौवारा सहित अनेक गावो में बड़ी धूमधाम से श्रद्धालुओं के द्वारा शिव मंदिरों में धतूरा बेलपत्र कनेर फूल आदि अर्पित कर भगवान शिव को प्रसन्न कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं श्रद्धालु गण।

### नाबालिग से मारपीट,गिरफ्तार



**भिलाई।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र के शराब पीने के लिये पैसे की मांग कर नाबालिग से मारपीट करने वाले आरोपी को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि 1 मार्च 2014 की सुबह 8 बजे नाबालिग परीक्षा दिलाने के लिये मुक्तिधाम हायर सेकेण्डरी स्कूल रामनगर गया था परीक्षा दिलाकर लगभग 12.15 बजे अपने दोस्त वेदप्रकाश के साथ पैदल अपने घर जा रहा था तभी गायत्री मंदिर के सामने एस. रोहित स्वीपर बस्ती जलेबी चौक तथा उनके दो अन्य साथी आये और एस. रोहित ने नाबालिग से शराब पीने लिये पैसा मांगा तब प्रार्थी ने कहा कि उसके पास पैसा नहीं है इस पर आरोपियों ने प्रार्थी के साथ मारपीट की रिपोर्ट पर पुलिस मामले में विवेचना के दौरान आरोपी एस रोहित को गिरफ्तार किया आरोपी से पूछताछ करने पर उसके साथ एस. सुदर्शन एवं डी वंशी थे वैशाली नगर थाने पुलिस अब दोनों आरोपियों की तलाश कर रही है ।

### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**भिलाई।** भिलाई जिले की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने एक अंतरराज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ( 32 साल ) आरोपित धीरज वर्मा ओडिशा के खरियार रोड से गांजा लेकर मध्यप्रदेश के बैतूल जा रहा था मुखबिर की सूचना पर पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने आरोपित को दुर्ग बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय के पास से गिरफ्तार किया आरोपित से 12 किलो गांजा जब्त किया गया है पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है पद्मनाभपुर टीआई केशव राम कोशले ने बताया कि आरोपित धीरज वर्मा ग्राम बगडोना बस्ती थाना सारनी तहसील घोराडोंगरी जिला बैतुल मध्यप्रदेश निवासी है वह ओडिशा के खरियार रोड से गांजा की खेप लेकर बस से दुर्ग बस स्टैंड पहुंचा था दुर्ग वह बैतूल रवाना होने वाला था इसके पहले ही पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पहले भी तीन बार इसी तरह से गांजे की खेप लेकरे बैतूल जा चुका है वहां पर वह गांजे की पुड़िया बनाकर नशेड़ियों को बेचता था आरोपित के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है आरोपित से इस कारोबार में लिप्त अन्य लोगों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी को सौंपा राजभाषा' का प्रथम पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी सभागार में 25 फरवरी को आयोजित एक समारोह में कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार ने निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र एवं अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग अनिर्बान दासगुप्ता को %नराकास, राजभाषा सम्मान' का प्रथम पुरस्कार की शील्ड भेंट की। उल्लेखनीय है कि, जयपुर, राजस्थान में विगत 17 फरवरी को आयोजित मध्य, पश्चिम एवं उत्तर क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग को भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय मध्य, भोपाल द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए मध्य क्षेत्र का %नराकास राजभाषा सम्मान, प्रथम पुरस्कार' प्रदान किया गया था। जयपुर कन्वेंशन एण्ड एक्जीबिशन सेंटर, सीतापुरा, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान में मुख्य अतिथि, मुख्यमंत्री राजस्थान भजनलाल शर्मा के करकमलों द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग की ओर से कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार ने यह पुरस्कार ग्रहण किया था। जहाँ उनके साथ भिलाई इस्पात संयंत्र की ओर से महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन, जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा सौमिक डे तथा उप प्रबंधक संपर्क व प्रशासन-राजभाषा जितेन्द्र दास मानिकपुरी भी उपस्थित थे। समारोह के विशिष्ट अतिथि, गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार नित्यानंद राय के करकमलों द्वारा महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन, जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा एवं सचिव नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग सौमिक डे को उनके सराहनीय कार्यों के लिए %प्रशस्ति पत्र' प्रदान किया गया था। निदेशक प्रभारी भिलाई इस्पात संयंत्र एवं अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग अनिर्बान दासगुप्ता ने इस पुरस्कार का श्रेय नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग के सदस्य संस्थानों को दिया और कहा कि यह पुरस्कार भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय मध्य, भोपाल की प्रेरणा और मार्गदर्शन तथा उनकी ओर से प्राप्त दिशा-निर्देशों का सदस्य संस्थानों द्वारा अनुपालन का परिणाम है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन ए. के. चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एम.आर.डी. सुशील कुमार, महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक निदेशक प्रभारी सचिवालय अतुल नौटियाल, महाप्रबंधक निदेशक प्रभारी सचिवालय आनंद कुमार सिंह, आदि है।

# पाटन क्षेत्र के तीन निर्दलीय जनपद सदस्यों ने किया भाजपा प्रवेश





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 26 फरवरी।** पाटन ब्लॉक के नवनिर्वाचित तीन जनपद सदस्यों ने जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग पहुंचकर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू के समक्ष भाजपा प्रवेश किया।ज्ञातव्य हो कि पाटन में बड़ी संख्या में भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार जनपद सदस्य के रूप में चुनाव जीतकर आए हैं, इसके बाद नए घटनाक्रम में पाटन क्षेत्र के नवनिर्वाचित तीन निर्दलीय जनपद सदस्यों ने मंगलवार को भाजपा में प्रवेश लिया। नवनिर्वाचित निर्दलीय जनपद सदस्यों में कमलेश वर्मा, कुसुमलता राकेश आडिल, और दुलौरिन यादव ने भाजपा के सिद्धांत विचारधारा और रीति नीति को अंगीकार कर भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आस्था व्यक्त कर भाजपा में प्रवेश देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए तीनों निर्दलीय जनपद सदस्यों को भाजपा की पंच निष्ठाओं का संकल्प दिलाकर भाजपा प्रवेश कराया गया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबियों में से एक रहे पाटन क्षेत्र के कमलेश वर्मा ने प्रतिष्ठित गांव बोरेंदा से निर्विरोध सरपंच रहते हुए लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़कर काम किया और निर्विरोध सरपंच बनने के बाद इस बार कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय जनपद सदस्य निर्वाचित हुए। कमलेश वर्मा के भाजपा प्रवेश से पाटन कांग्रेस को जबरदस्त झटका लगा हैं। वहीं कुसुमलता आडिल ग्राम पंचायत कसही के निवर्तमान सरपंच और मनवा कुर्मी समाज पाटन राज के युवा अध्यक्ष राकेश आडिल की पत्नी है। ग्राम गाड़ाडीह निवासी जनपद सदस्य दुलौरिन यादव के पुत्र खिलेश यादव सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पाटन क्षेत्र में लगातार सक्रिय है।

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर जनहित में कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में देश-प्रदेश आगे बढ़ रहे हैं। आज हर क्षेत्र विकास का स्वर्णिम अध्याय लिखा जा रहा है। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराया हैं। आज भाजपा के कार्यप्रणाली एवं विचारधारा से प्रभावित होकर दिग्गज कांग्रेस नेता एवं आम नागरिक भाजपा से जुड़ रहे हैं। भाजपा आज विश्व के सबसे बड़ी पार्टी बनकर जनसेवा में कार्यरत हैं।निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि कांग्रेस के अनेक दिग्गज नेता हमारे सम्पर्क में हैं और भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर जनसेवा करने की बात कह रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके ही गृह जिला में अब कार्यकर्ता नहीं मिलेगा। उनके गृह विधानसभा पाटन, अमलेश्वर और कुम्हारी में भाजपा को विजयश्री प्रदान कर जनता ने कांग्रेस को नकार दिया हैं। नगरीय निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा दुर्ग जिला सहित पूरे प्रदेश में सबसे अधिक सीट जीतकर आयी हैं। भाजपा विश्व की एक ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ताओं को नेतृत्व करने का अवसर दिया जाता है। भाजपा ने गांव शहर के सामान्य से सामान्य कार्यकर्ताओं को टिकिट देकर अंत्योदय के स्वप्न को साकार किया हैं। भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर लगातार जनमानस भाजपा से जुड़ रहे हैं।इस अवसर पर अजय तिवारी, जिला मंत्री एवं नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य पवन शर्मा, बोधन यादव, दीपक चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, रजनीश श्रीवास्तव, रवि सिन्हा, नवीन पवार, राहुल दीवान, राजेश राजपूत प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# नेहरू आर्ट गैलरी में सुरक्षा पेंटिंग्स की विशेष प्रदर्शनी उद्घाटित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी में, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा सप्ताह के दौरान बनाई गई पेंटिंग्स और पोस्टर प्रतियोगिता के चयनित चित्रों की दो दिवसीय विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 25 फरवरी को मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक एसएमएस-2, बीएसपी एस के घोषाल द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। यह प्रदर्शनी सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। इस प्रदर्शनी में सहायक महाप्रबंधक एसएमएस-2 आशीष दास द्वारा संकलित विभिन्न देशों की मुद्राएँ भी प्रदर्शित की गईं, जिनमें सुरक्षा और उद्योग से संबंधित चित्र बने हुए थे। आशीष दास के इस संग्रह में विभिन्न देशों की प्राचीन और आधुनिक मुद्राएँ शामिल हैं, जो सुरक्षा के क्षेत्र में विभिन्न ऐतिहासिक कालों,संस्कृतियों और सभ्यताओं की झलक प्रदान करती हैं। प्रत्येक मुद्रा पर उकेरे गए चित्र सुरक्षा और उद्योग के महत्व को दर्शाते हैं, जिससे इस कला संग्रह को देखने वाले दर्शकों को एक गहरी और प्रेरणादायक संदेश प्राप्त होता है। इस प्रदर्शनी में कलाकारों के साथ उनके परिवारजन, महाप्रबंधक एसएमएस-2 सौरभ जैन, महाप्रबंधक एसएमएस-2 राजकुमार, महाप्रबंधक एसएमएस-2 शोवन मिश्रा, महाप्रबंधक एसएमएस-2 डीएसओ- बिनीतोष बाला, महाप्रबंधक एसएमएस-2 डीएसओ- गौरव सिंघल, महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी, सहायक महाप्रबंधक एसएमएस-2 एन. टोप्पो, आर्ट क्लब के एस. के. नंदी, सदस्य और जनसंपर्क एवं संपर्क प्रशासन के अन्य सदस्यगण, इस्पात नगरी भिलाई के कलाकार और आम नागरिक उपस्थित थे। उल्लेखनी है कि भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-2 में सुरक्षा सप्ताह समारोह का आयोजन 19 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक किया गया।

### सीमेंटीकरण के लिए रिसाली महापौर ने किया भूमिपूजन

**भिलाई।** रिसाली सेक्टर वार्ड क्र. 8 के सी ब्लॉक क्वाटर के खाली जगहों में सीमेंटीकरण किया जाएगा। महापौर शशि सिन्हा समेत एमआईसी सद्स्यों ने भूमिपूजन किया। इस कार्य के लिए शशि सिन्हा ने महापौर नीधि से 5 लाख स्वीकृत की है। महापौर ने बताया कि पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर ने यहां के नागरिकों की समस्या को प्रमुखता से बताया था। दरअसल आवास पुराना होने के कारण सड़क की ऊंचाई बढ़ गई है। यही वजह है कि सी ब्लॉक में बारिश का पानी भर जाता है। इस वजह से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सीमेंटीकरण होने से समस्या से पूर्ण रूप से निजात मिलेगी।



### स्कूटी के लिए दिव्यांग सीताराम चंद्रवंशी ने डिप्टी सीएम की तारीफ की

**कवर्धा, 26 फरवरी।** दुकान में समान खरीदने के लिए आए दिव्यांग सीताराम चंद्रवंशी ने बताया कि मुझे डिप्टी सीएम विजय शर्मा के हाथों से स्कूटी मिली थी और इसी स्कूटी से शक्कर कारखाना ड्यूटी करने जाता हूं। डिप्टी सीएम विजय शर्मा की तारीफ करते हुए सिल्हाटी के सीताराम चंद्रवंशी ने कहा की दुकान जाना और कही भी किसी कार्य के लिए जाना होता है स्कूटी से जाता हु और बहुत अच्छी स्कूटी डिप्टी सीएम विजय शर्मा भैया ने दी है जिसके लिए दिल से धन्यवाद । युवा बिजनेसमैन गोपाल चंद्रवंशी ने भी तारीफ करते हुए कहा की अच्छी स्कूटी मिली है ।

# महाशिवरात्रि पर सेक्टर आठ से बड़े ही धूमधाम से निकली भोलेबाबा की बारात

**भिलाई, 26 फरवरी।** श्री शिव मिथलेश महिला सेवा समिति सेक्टर 8 सड़क 10 मंदिर परिसर में बुधवार को महाशिवरात्रि के दिन भोलेबाबा का रूद्राभिषेक किया जायेगा और मंदिर की महिला समिति द्वारा भजन कीर्तन के साथ ही भंडारा का आयोजन किया गया है। वहीं महाशिवरात्रि के दो दिन पूर्व ही बड़े ही धूमधाम व रंगारंग कार्यक्रम के साथ भगवान शिव भोलेनाथ की बारात नर्मदेश्वर शिवधाम सड़क 10 सेक्टर 8 से निकली। इस बारात में दुर्ग जिले के सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं विशेष अतिथि के रूप में खिलावन साहू प्रदेश महामंत्री भाजपा ओबीसी मोर्चा, सुंदरलाल साहू जिलाध्यक्ष भाजपा ओबसी मोर्चा, भाजपा क पर्शचिम मंडल अध्यक्ष गजानंद बंछोर, पश्चिम मंडल महिला मोर्चा के सभी सदस्य के साथ ही सविता नाहर, सीमा तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। श्री शिव मिथलेश महिला सेवा समिति की सदस्य एवं पूर्व छाया पार्शद सेक्टर 8 चमेली दिनेश गौतम एवं दिनेश गौतम ने हमारे संवाददाता को बताया कि मंगलवार 25 फरवरी को झंडारोहण किया गया। वहीं सोमवार को दोपहर 3 बजे भोले बाबा की बारात मंदिर परिसर सेक्टर 8 सड़क 10 से निकली। यह बारात सेक्टर 7 मार्केट स्थित मंदिर पहुंची जहां भगवान माता पार्वती का वरण कर बडे ही धूमधाम से गाजे बाजे के साथ मंदिर परिसर सेक्टर 8 पहुंचे और वहां माता पार्वती सती हो अग्निकुंड में समाधि ली और फिर उसके बाद भगवान शिव जमकर तांडव नृत्य करते है, उसकी प्रस्तुति बघेरा से आई 40 सदस्यीय टीम ने बहुत ही मनमोहक व बेहतरीन ढंग से दी जिसकी सभी ने सराहना की। उसके बाद फिर माता पार्वती का जन्म और भगवान शिव वरण का कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री शिव मिथलेश महिला सेवा समिति की व यहां की छाया पार्षद श्रीमती चमेली दिनेश गौतम एवं समिति की अन्य महिलाओं का और दिनेश गौतम का बहुत बड़ा योगदान रहा।

## भिलाई निगम ने लाटरी से किया 24 लोगों को आवास का आबंटन

**भिलाई, 26 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत निर्मित आवासों का आबंटन किया गया। सभापति गिरवर बंटी साहू एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में मकान के लिए लाटरी निकाला गया। लाटरी में वह नागरिक जो पूर्व से मकान के लिए आवेदन जमा किये थे एवं जिनका पात्र सूची में नाम था और उनके द्वारा मकान का 10 प्रतिशन अंशदान की राशि निगम कोष में जमा किया गया था। उन हितग्राहियो को लाटरी में शामिल कर उनके नाम से एक-एक कर पर्ची निकालकर मकान आबंटन किया गया है। जिन हितग्राहियों के घर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजन थे, जिनके घर में दिव्यांग लोग हैं उन सभी को भूतल का मकान आवंटित किया गया। सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया युनिट 667/493 में मोर आस के 02 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया युनिट 1120 में मोर आस एव चिन्हारी के 03 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे खम्हरिया में 17 मकान, एनार स्टेट खम्हरिया में 2 मकान इस तरह कुल 24 मकानो का आबंटन हितग्राहियो को किया गया। इनमे से 7 हितग्रही संध्या पंचभाई, सुभाषनी प्रधान, अमित कुमार मांझी, समीर भटटाचार्य, कुंदन सराफ, कुंती देवी कुशवाहा, हेमासुन्दर देवी महतो को भूतल का मकान आबंटित किया गया है। कल्पना टांडी वृद्ध महिला ने बताया कि मेरी बड़ी इच्छा थी, कि मुझे नीचे का मकान मिले आज लॉटरी में मिला मैं बहुत खुश हूं कि प्रधानमंत्री आवास योजना में बुजुर्गो का ख्याल रखा जा रहा है।

इसके लिए मैं प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को धन्यवाद देती हूं। नियम ही ऐसा बनाया गया है, कि बुजुर्गो के लिए दिव्यांगों के लिए नीचे का मकान मिलेलाटरी के दौरान अधीक्षण अभियंता डी.के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता वीनिता वर्मा, आवास प्रभारी विद्यायाधर देवांगन, आवास विभाग से किरण चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।



### महा शिवरात्रि पर पंचमुखी बुढ़ा महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी

**कवर्धा, 26 फरवरी।** महा शिवरात्रि महापर्व में पंचमुखी बुढ़ा महादेव में श्रद्धालुओं ने नारियल फल , बेल पत्र ओर फूल , मिठाई चढ़ाकर और भोले बाबा को जलाभिषेक कर पूजा किए । नारियल फल और बेलपत्र बेचने वाले दुकानों में दुकानदारों के चेहरे में खुशी दिखी । श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी हुई दिखी । पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखे। बच्चे , माता पिता और दादा दादी सहित परिवार ने भोले बाबा का जलाभिषेक कर पूजा की । भोरमदेव मंदिर और पांडातराई पंडरिया सहसपुर लोहारा ओर विभिन्न गांवों में शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भोले बाबा की पूजा की ।

# क्षेत्र के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने सांसद विजय बघेल से मुलाकात कर लिया आशीर्वाद

**भिलाई।** दुर्ग जिले में निकाय व पंचायत चुनाव में विजयी महापौर, पार्षदों, सरपंच, जनपद, सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों ने सांसद विजय बघेल से उनके निज निवास सेक्टर 05 भिलाई में पहुंचकर मुलाकात की। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने श्री बघेल से आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। जिसमें कुम्हारी, गनियारी, रसमडा, झीट, अंजोरा ढाबा, महुदा, गोडपेन्ड्री, कापसी, खम्हरिया, अमलेश्वर आदि के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि शामिल रहे। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने सभी नवनिर्वाचित प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जो नीतियां बनाई है जो कार्य शुरू किया है उनका लाभ देने जन जन तक योजनाओं को पहुंचाना है और उसके लिए सतत प्रयास करना है। सांसद विजय बघेल निवास पर मुलाकात करने वालों में नगर पालिका कुम्हारी महापौर मीना वर्मा, जनपद सदस्य पंचायत पार्षद सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता अत्यधिक संख्या में उपस्थित रहे।

00000 फोटो घायल किस्त नहीं पटाने पर आईडीएफसी के रिकवरी वालों ने युवक का सिर फोड़ा पुलिस ने किया एफआईआर दर्ज और अस्पताल में कराया मुलाहिजा लोन देने के लिए मीठी मीठी बात करने वालों एजेंटों का ये है हाल, भिलाई। लोन देने वालों की प्राईवेट बैंकों के लोग लोन देने के लिए तरह तरह के प्रलोभन देने व पूरी राहत देने और कम ब्याज की किस्त बताते नही थकते और लोन लेने के बाद लोन लेने वालों का सरदर्द शुरू हो जाता है। पहले तो ये कि लोन देते समय जो ब्याज बताते है, वह लोन लेने वालों से उसके कई गुना ब्याज वसूलते है, लोन देने वाले जो फार्म छपवाते है, वो हिन्दी में नही रहता, एक तो अंग्रेजी में रहता है वह भी 5 से 6 प्वाइंट में उसके नियम और शर्त प्रिंट रहता है, ताकि इनता बारीक कोई देख नही सके। उसके बाद उसी को आधार बनाकर कुछ महिने किसी कारण वश लोन लेने वालो व्यक्ति किश्त नही पटा पाता तो दादागिरी इनकी शुरू हो जाती है। नोटिस पर नोटिस देना चक्रवृद्धि ब्याज जोड़कर जबरिया वसूली करना , नही देने पर लोन देने वाले अपने गुंडे भेजकर जमकर मारपीट करते है, शिकायत करने पर इनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नही होती है,क्योंकि लोन देने वाले ये प्राईवेट बैंक के स्थानीय प्रमुख अधिकारियों की राजनैतिक व पुलिस पकड़ बहुत मजबूत होती है, लोन लेने वालें जिन्दगी भर अपना माथ पीटते रहते है कि कहां से इनके चंगुल में फंस गया। इसी प्रकार का एक मामला सुपेला क्षेत्र के फरीदनगर में सामने आया है जहां आईडीएफसी बैंक के रिकवरी एजेंटों कम गुंडों ने युवक का सिर फोड़ दिया। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने अपराध दर्ज की है। युवक ने अपनी शिकायत में बताया कि बैंक के रिकवरी वाले तीन युवकों ने उसके साथ मारपीट की। इस मामले में सुपेला पुलिस ने धारा 115(2)भारतीय न्याय संहिता, 296-बीएनएस,, 3(5)-बीएनएसके तहत अपराध दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरीदनगर निजामी चौक निवासी सैय्यद फारुख से आईडीएफसी के रिकवरी वालों ने जमकर मारपीट की। पीड़ित फारूख सैय्यद ने पुलिस को बताया कि वह सप्ताहिक बाजार में कपडे का दुकान लगाता है। तीन माह पूर्व तव्कल मोबाईल स्टोर सुपेला से एक आलमारी कीमती करीब 12500 रुपए व मोबाइल कीमती करीबन 12500 रुपए का खरीदा था। कुल 25000 आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से फायनेंस कराया था। इसके लिए 6000 रुपए डाउन पेमेन्ट किया था एवं महिने का किस्त 2150 रुपए आता था। तीन माह तक लगातार किस्त पटाया था माह फरवरी का किस्त आर्थिक ह्निथति ठीक न होने के कारण किस्त जमा नही कर पाया था। 23 फरवरी 25 को आईडीएफसी बैक के रिकवरी एजेंटो द्वारा मुझे किस्त जमा करने के लिये बोले तो मैने उनसे कहा था कि 24 या 25 फरवरी को मै ऑन लाईन पेमेन्ट कर दूंगा। मोबाइल बनाने गया तो रिकवरी वालों ने घेरा- 24 फरवरी 25 को फारूख अपना मोबाइल जिसे बनाने के लिये तव्कल मोबाईल स्टोर सुपेला में दिया था जिसे लेने गया था कि उसी समय रात्रि करीबन 7 बजे आईडीएफसी बैक के 03 रिकवरी एजेन्ट पहुंचे मुझसे किस्त जमा करने बोले। अभी रूपये नही है बाद में देने की बात कही तो उन लोगो के द्वारा मुझसे वाद विवाद कर मां बहन की अश्लील गाली दी। उनमें से एक ने बेल्ट से तथा एक व्यक्ति बांस के डंडा से एवं एक व्यकित हाथ मुक्का से मारपीट की जिससे उसके सिर पर चोट आई है। इसकी जानकारी फारुख के चाचा सैफ अली को लगी तो वह मौके पर पहुंचा और भांजे को लेकर सुपेला थाने पहुंचा। यहां से डॉक्टरी मुलाहिजा होने के बाद फारुख की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने आईडीएफसी बैंक के तीन रिकवरी वालों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### खेल की तरह ही मन में स्वच्छ भावना हो-आयुक्त

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम।गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण की दी समझाईश स्वच्छता के लिये नगारिक दे रहे हैं फीडबैक। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने ऋषभ हेरिटेज, लेकव्यू अपार्टमेंट सोसायटी,वर्धमान ट्रस्ट,ऋषभ सिटी,ऋषभ साउथ व ऋषभ कालोनी सहित अन्य अपार्टमेंट के समितियों के समस्यों के साथ हुई बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि शहर के समस्त कालोनी ,घरों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम टीम द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है। शहर नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु नवनिर्वचित महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व निगम स्वास्थ्य विभाग अमला द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कालोनाइजरों के साथ बैठक लेकर कहा कि जिस तरह हम शारीरिक मजबूती, खुद को फिट रखने के लिए या खेल स्पर्धाओं में अव्वल आने के लिए खेल भावना के साथ ही खेल गतिविधियों में हिस्सा लेते है ऐसे ही हमे अपने घर, आसपास, खैल मैदान और शहर की स्वच्छता का भाव भी रखना चाहिए। हमारा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण-2024/25 में हिस्सा ले रहा है। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि दुर्ग स्वच्छता की दौड़ में नम्बर 1 रहे. डाटा सेंटर में बैठक आयोजित कर स्वच्छता संकल्प सन्देश विषय पर आयोजित बैठक के दौरान शहर के विभिन्न कालोनी के पदाधिकारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिको को स्वयं जागरूक होना होगा।

### जिला पंचायत अध्यक्ष आखिर कौन बनेगा ,लोगों में चर्चा शुरू



**कवर्धा, 26 फरवरी।** जिला पंचायत सदस्य चुनाव में तेरह बीजेपी जिला पंचायत सदस्य बने है और एक में कांग्रेस से जिला पंचायत सदस्य बनी है । बीजेपी संगठन जिसे चाहेगी वो ही अध्यक्ष बनेगा यह तय है । आजकल पान दुकान , होटलों में लोग चाय पीते पीते ओर नाश्ता करते चर्चा करते हुए देखे जा रहे है की सशक्त दावेदार में जिला पंचायत सदस्य कैलाश चंद्रवंशी और जिला पंचायत सदस्य ईश्वरी साहू के नामों की चर्चा खूब हो रही है । जिला पंचायत उपाध्यक्ष में पंडरिया विधानसभा में से जिला पंचायत सदस्य का नाम आ सकता है या महिला को उपाध्यक्ष के लिए टिकट दे सकती है । वैसे एक बात तय है की अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नाम आने का सस्पेंस अभी तक है और चर्चाओं का दौर शुरू है ।



कवर्धा। जलेश्वर महादेव धाम डोंगरिया में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा की ।



कवर्धा। सोनपुरी रानी सागर में मंदिर में श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का जलाभिषेक किया

**एक नजर**

### महाकुंभ के जल से जिला जेल में बंदियों को कराया गया सामूहिक स्नान

**धमतरी 25 फरवरी।** छत्तीसगढ़ सरकार और जेल प्रशासन की पहल पर जिला जेल धमतरी में निरूद्ध सभी 239 बंदियों को प्रयागराज महाकुंभ से प्राप्त पवित्र गंगाजल से आज सुबह 8 बजे सामुहिक स्नान कराया गया। सहायक जेल अधीक्षक ने बताया कि इससे पहले गंगाजल का विधि-विधान से पूजा-अर्चना पानी टंकी को फूलों से सजाया गया और उसके बाद गंगाजल को पानी टंकी में समाहित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बंदियों को आध्यात्मिक शुद्धि का अनुभव कराना और उनकी मानसिक स्वास्थ्य मे सुधार लाना है। गंगाजल को भारतीय संस्कृति में पवित्र और शुद्धिकरण का प्रतीक माना जाता है। जेल प्रशासन का मानना है कि गंगाजल से स्नान करने से बंदियों को मानसिक शांति, आध्यात्मिक रूप से मजबूती मिलेगी। साथ ही उनके भीतर आत्म परिवर्तन, सकारात्मक सोच, समाज की मुख्य धारा में जुड़कर बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला जेल धमतरी में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से किया गया। इस अवसर पर सहायक जेल अधीक्षक श्री एन.के.डहरिया सहित जेल के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 1 से 28 मार्च तक

**धमतरी 25 फरवरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा एक मार्च से 28 मार्च तक आयोजित की जाएगी। उक्त अवधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग से परीक्षा एवं छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन एवं विद्यार्थियों की परीक्षाओं की तैयारी में व्यवधान न हों, इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने छत्तीसगढ़ कोलाहल अधिनियम, 1985 की धारा 18 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धमतरी जिला क्षेत्र अंतर्गत 28 मार्च तक ध्वनि विस्तारक यांत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश में उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थितियों एवं शासकीय कार्यों के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग करने की अनुमति संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी, सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों एवं उपरोक्त अधिनियम में उल्लेखित शर्तों के अधीन देंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन शांति से होने पर कलेक्टर ने किया आभार व्यक्त

**राजनांदगांव 26 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 संपन्न होने पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देने के साथ सभी का आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण मतदाताओं ने जागरूकता का परिचय देते हुए लोकतंत्र के इस पर्व में उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों ने भी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मीडिया प्रतिनिधियों से निर्वाचन में सकारात्मक सहयोग मिला। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को निर्विघ्न, शांतिपूर्ण व सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारी व कर्मचारी ने टीम भावना के साथ पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया। मतदान दलों के अधिकारी व कर्मचारियों ने सजग रहकर मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को पूरी गंभीरता के साथ संपन्न कराया। पुलिस जवानों द्वारा मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था रही। जवानों ने पूरी मुस्तैदी के साथ मतदान कार्य संपन्न कराया। सभी ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के लिए सजगतापूर्वक दायित्व निभाया।

### प्रतीक्षा सूची से होगी मेडिकल कॉलेज में रिक्त पदों पर भर्ती

**कोरबा 26 फरवरी।** स्व. बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय कोरबा में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्टाफनर्स के 25, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट 2, रेडियोग्राफर के 01, ड्रेसर के 01 वे चतुर्थ वर्ग के 25 पदों पर भर्ती की जानी है। उक्त पदों की तत्कालीन पूर्ति हेतु कलेक्टर द्वारा जिला खनिज न्यास मद से भरे जाने हेतु स्वीकृति प्रदान किया गया है। कलेक्टर के निर्देशन में स्टाफनर्स, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, रेडियोग्राफर व ड्रेसर के पद की पूर्ति कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा के द्वारा जिला खनिज न्यास मद से उक्त पदों पर पूर्व विज्ञापित पदों के प्रतीक्षा सूची से की जाएगी।

## उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद विधायक समेत साधु-संत होंगे शामिल

# मुख्यमंत्री साय के मुख्य आतिथ्य में राजिम कुंभ कल्प का होगा समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 26 फरवरी।** माघ पूर्णिमा 12 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प मेला का समापन 26 फरवरी महाशिवरात्रि के अवसर पर होगा। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, कृषि विकास एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री राम विचार नेताम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल, वन एवं जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप, वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, कुरूद विधायक श्री अजय चंद्राकर, अभनपुर विधायक श्री इंद्रकुमार साहू, राजिम विधायक श्री रोहित साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक श्री जनक ध्रुव, सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम, नगर पंचायत राजिम अध्यक्ष श्री महेश यादव, नगर पंचायत देवभोग अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी, नगर पंचायत छुरा अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी निषाद, नगर पंचायत कोपरा अध्यक्ष श्री रूपनारायण साहू, नगर पालिका परिष गोबरा नवापारा अध्यक्ष श्रीमती ओमकुमारी संजय साहू, नगर पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष श्री राजेंद्र (धनराज) सूर्यवंशी, नगर पंचायत मगरलोड अध्यक्ष श्रीमती लीलेश सुरेश साहू, नगर पालिका परिषद गरियाबंद अध्यक्ष श्री रिखीराम साहू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद गिरी, महामंडलेश्वर साध्वी पुष्पांजलि पुरी जी, महामंडलेश्वर दीनबंधु दास जी, राजेश्री महंत राम सुंदरदास जी महाराज, दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद जी महाराज, दंडी स्वामी श्री सच्चिदानंद तीर्थ जी महाराज, श्री द्वारकेश जी महाराज, महंत नरेंद्र दास जी महाराज, स्वामी राजीव लोचनदास जी महाराज, बाल योगेश्वर बालयोगी रामबालक दास जी महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती जी, स्वामी गंगादास उदासीन जी महाराज, साध्वी अरुणा भारती जी, स्वामी ज्ञानस्वरूपानंद अक्रिय जी महाराज, संत परमात्मानंद जी महाराज, संत युधिष्ठिर लाल जी महाराज, संत गोवर्धन शरण जी महाराज, महंत रामरूप दास जी महात्यागी, महंत दिव्य कांत जी महाराज, महंत त्रिवेणी दास जी महाराज, महंत श्री राधेश्याम दास जी महाराज, महंत उमेशानन्द गिरि जी महाराज, आचार्य राकेश आर्य जी महाराज, गुरु माँ सुमीरण माई जी, संत कौशलेंद्र रामजी महाराज, संत विचार साहेब जी महाराज, महंत रविकर साहेब जी, नारायण भाई प्रजापिता ब्रह्मकुमार, पुष्पा बहन प्रजापिता ब्रह्मकुमारी, हेमा बहन ब्रह्मकुमारी, स्वामी अखिलेशानंद जी, संत पुरषोत्तम आचार्य, महंत अनुसुइया दास जी समेत साधु-संतों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

## राजिम कुंभ कल्प के सांस्कृतिक मंच पर कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

राजिम कुंभ कल्प के सांस्कृतिक मंच पर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। गरियाबंद जिले की लोक कलामंच हमर धरोहर के कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ के लोकगीतों का भावपूर्ण प्रदर्शन और लोकनृत्य की प्रस्तुति देखकर दर्शक झूम उठे। हमर धरोहर लोक मंच के गायक मनेश्वर एवं उनके साथी कलाकारों की प्रस्तुति देखकर दर्शकों ने तालियों की बौछार कर दी। हिमानी वासनिक ने भरतरी में कई प्रसंगो का भावपूर्ण प्रदर्शन की। जिसे दर्शको ने काफी सराहना की। नरेश कुमार समुन्द्र द्वारा मानस की चौपाईयों पर व्याख्यान सुनाकर पूरे मंच को श्रद्धा और भक्ति से लबालब कर दिया। लीला बाई ने अपने साथी कलाकारों के साथ सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी। सेवकराम यादव एवं उनके सहयोगी कलाकारों द्वारा लोकमंच की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। खेमकुमार सेन ने मानस गायन की प्रस्तुति दी। रेखा जलक्षत्री ने भी राजा भरथरी प्रेम गाथा को अपनी पुरानी चिर-परिचित आवाज में प्रस्तुति किया।




# 251 निर्धन कन्याओं के विवाह में मुख्यमंत्री साय हुए शामिल

- मुख्यमंत्री साय आयोजन में हुए शामिल
- मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ की एक-एक जनता के हित के लिए कार्य कर रहे हैं: बाबा बागेश्वर

**रायपुर, 26 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज बागेश्वर धाम में चल रहे शिवरात्रि महोत्सव और 251 निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुए। बागेश्वर धाम में धार्मिक भक्ति, सामाजिक समर्पण और राष्ट्रीय एकता का अनूठा संगम देखने को मिला। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ संत परंपरा और धर्मनिष्ठा की भूमि है। भगवान श्रीराम ने अपने वनवास का अधिकांश समय यहीं बिताया था। हमें गर्व है कि बागेश्वर धाम में इस दिव्य आयोजन में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि संस्कार और संस्कृति किसी भी व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। **नक्सलवाद मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प**-मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठा रही है। डबल इंजन सरकार के सहयोग से यह संकल्प लिया गया है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद का पूरी तरह उन्मूलन किया जाएगा। प्रदेश के सुरक्षा बल मजबूती से इस अभियान में



लगे हुए हैं, और गृह मंत्री श्री विजय शर्मा के नेतृत्व में यह मिशन सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है।

### धर्मांतरण पर रोक और घर वापसी अभियान

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के धार्मिक और सांस्कृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए सरकार धर्मांतरण रोकथाम और घर वापसी अभियान को भी प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव जी के योगदान को याद करते हुए कहा कि धर्मांतरण के विरुद्ध हमारी सरकार कठोर नीति अपनाएगी और समाज को उसकी मूल पहचान से जोड़ेगी।

## कोलाहल अधिनियम का पालन सुनिश्चित करें: कलेक्टर गांधी

- त्यौहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दता के साथ मनाएं-पुलिस अधीक्षक
- कलेक्टर-एसपी ने ली शांति समिति की बैठक

**धमतरी 26 फरवरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समाज प्रमुखों और अधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक ली। इस अवसर पर कलेक्टर ने आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात 10 बजे के बाद कोई भी साउण्ड सिस्टम प्रयोग नहीं होगा। इसके साथ ही कोई भी जुलूस, सभा, शोभायात्रा, भंडारा, जनसमुदाय एकत्रीकरण की सूचना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा थाने को देने और आयोजन की विधिवत् अनुमति लेने कहा। उन्होंने सड़क पर किसी भी स्थिति में जाम ना हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, यातायात नियमों का पालन हो, होली में तेज आवाज वाले फूहड़ गीत, गाड़ियों में भोपू इत्यादि का उपयोग ना हो, होलिका दहन का स्थल निर्धारण हो, हरे-भरे वृक्षों को नहीं काटने, धार्मिक भावना आहत न हों इसका विशेष ध्यान रखने कहा। होली के पूर्व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार करने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए।

**समाचार संक्षेप**

## दीवानझिटिया से राजु यदु पुनः सरपंच निर्वाचित



**राजनांदगांव, 26 फरवरी।** डोंगरगांव ब्लाक के ग्राम पंचायत दीवानझिटिया व आश्रित ग्राम गोडरी में राजू यदु पुन- सरपंच पद पर निर्वाचित हुए है। यहां से सरपंच प्रत्याशी हेतु दो उम्मीदवार के बीच कड़ी टक्कर देखा जा रहा था। राजू यदु को दीवानझिटिया में 259 और ग्राम गोडरी में 492 वोट कुल 751 वोट मिले। वहीं मनीष साहू को दीवानझिटिया से 440 और गोडरी से 79 कुल 519 वोट प्राप्त हुए। इस तरह राजू यदु 232 वोट से विजयी हुए। जीत के बाद राजु यदु अपने समर्थकों के साथ ग्राम का भ्रमण किया और सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किये। विदित हो कि राजू यदु इसके पहले भी इसी ग्राम पंचायत से सरपंच रह चुके है। अपने पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष कुशलसिंह राजपूत को हराया था। जीत के बाद राजू यदु के विजयी होने से उनके समर्थकों में उत्साह है।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बाल संप्रेशण गृह का किया निरीक्षण

**कोरबा 26 फरवरी।** दिनांक 25.02.2025 को बाल संप्रेषण गृह (बालक) रिसदी कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0) का औचक निरीक्षण सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0), शीलू सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0) एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0) के द्वारा किया गया। बाल संप्रेषण गृह (बालक) रिसदी कोरबा में कुल 40 बालक उपस्थित थे। सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, जिला कोरबा (छ0ग0) द्वारा रूटीन चार्ट के हिसाब से बच्चों को खाना, बच्चों के नहाने की समुचित व्यवस्था, प्रत्येक बच्चे को उनके परिवार वालों से बात कराया जाना, विधि से संघर्षरत बालकों की संप्रेषण गृह निरूद्धता अवधि, निरूद्ध बालकों की जन्मतिथि अनुसार वर्तमान उम्र, बालकों के अपराध की समीक्षा, पैरवी हेतु नियुक्त अधिवक्ता की जानकारी सहित रहने हेतु कमरों की स्थिति का निरीक्षण किया गया।

# किसान सम्मान निधि योजना: 19वीं किस्त की राशि का किसानों के बैंक खाते में किया अंतरण

- जिले के 1 लाख 8 हजार 671 किसान को 24 करोड़ 52 लाख रुपए से लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 26 फरवरी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बिहार राज्य के भागलपुर जिले में आयोजित किसान सम्मान समारोह से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 19वीं किस्त की राशि का किसानों के बैंक खाते में अंतरित की गई। किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त के रूप में जिले के 1 लाख 8 हजार 671 किसानों के खातों में आधार आधारित प्रणाली के माध्यम से 24 करोड़ 52 लाख रुपए का भुगतान किया गया। किसान सम्मान समारोह के सीधा प्रसारण का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र प्रक्षेत्र सुरगी के सभागार में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि श्री बिसेसर साहू, श्री एसके सिंह, उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डे, कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव की प्रमुख श्रीमती अंजली घृतलहरे एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। कलेक्टर अग्रवाल ने किसानों को जल संरक्षण के महत्व एवं वर्तमान जरूरत के संबंध में जानकारी दी और जल संरक्षण के विभिन्न उपायों के बारे में बताया। उन्होंने वर्तमान में बोर उत्खनन कार्य अधिक होने के कारण जल स्तर को बढ़ाने हेतु बोरवेल रिचार्जिंग के बारे विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अधिक से अधिक पौधरोपण, पुराने तालाबों में जल संग्रहण करने एवं ग्रीष्मकाल में धान की जगह कम पानी वाले फसल लगाने के लिए कृषकों को प्रेरित किया। सांसद प्रतिनिधि श्री बिसेसर साहू ने ग्रीष्मकालीन धान को हतोत्साहित करने एवं उसके बदले दलहन एवं तिलहन फसल लगाने, खेती की लागत को कम करने एवं उत्पादकता बढ़ाने के संबंध में जानकारी दी।

## राज्य बजट से शिक्षकों को बड़ी उम्मीदें: जाकेश साहू

**छुरिया, 26 फरवरी।** आगामी 3 मार्च को राज्य सरकार प्रदेश का बजट पेश करने जा रही है। प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी सरकार का दूसरा बजट पेश करेंगे। इस बजट से प्रदेश के एलबी संवर्ग शिक्षकों को बड़ी उम्मीदें है।



एक ओर जहां सहायक शिक्षकों को अपनी वेतन विसंगति दूर होने की उम्मीदें हैं, वहीं दूसरी ओर 1,80,000 एलबी संवर्ग शिक्षकों को प्रथम सेवा गणना कर समस्त लाभ मिलने की उम्मीदें हैं। प्रदेश के सहायक शिक्षक विगत 2018 से अपने वेतन विगति दूर करने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन करते आ रहे हैं। परंतु आज तक वेतन संगति दूर नहीं हुई है। 2023 के राज्य विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने एवं एलबी संवर्ग शिक्षकों को सेवागणना कर क्रमोन्नति वेतनमान सहित सभी लाभ देने का वादा किया है। इसे पार्टी ने मोदी की गारंटी नाम दिया है। लेकिन उक्त वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इस बार एलबी संवर्ग के शिक्षकों को वेतन विसंगति दूर होने एवं प्रथम सेवागणना कर क्रमोन्नति वेतनमान और पुरानी पेंशन देते हुए समस्त लाभ मिलने की काफी ज्यादा उम्मीदें है। इसी कड़ी में शिक्षक एलबी संवर्ग छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ प्रधान पाठक मंच के प्रदेश अध्यक्ष जाकेश साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री माननीय अरुण साव एवं माननीय विजय शर्मा, वित्तमंत्री माननीय ओपी चौधरी एवं राज्य के सभी 90 माननीय विधायकों को पत्र लिखते हुए यह मांग किया है कि शिक्षकों की मांगों को आगामी 3 मार्च को पेश होने वाले बजट में पूरा किया जाए।


# पांचवें दिन छुरिया के दंतेश्वरी पहाड़ पर दिखा काला तेंदुआ

- तेंदुए को देखने ग्रामीणों की लगी रही भीड़
- वन विभाग के अधिकारी भी उस पर नजर रखे हुए हैं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 26 फरवरी।** मां दन्तेश्वरी मंदिर के पहाड़ पर पिछले तीन दिनों से दुर्लभ काला तेंदुआ दिखाई नहीं दे रहा था। जिसे आज चौथे दिन सुबह एवं शाम को पहाड़ पर बैठे विचरण करते ग्रामीणों ने देखा है। वहीं वन विभाग के अधिकारी भी उसकी हलचल पर नजर रखे हुए है और क्षेत्रवासियों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों में इसकी दहशत बनी हुई है। ज्ञात हो कि सप्ताह भर से मां दन्तेश्वरी मंदिर पहाड़ी पर दुर्लभ प्रजाति के काला तेंदुआ का डेरा बना हुआ है। वह अक्सर पहाड़ पर सुबह शाम चहल कदमी करते वार्डवासियों एवं राहगीरों को दिखाई दे रहा है।

उसकी सुरक्षा को लेकर वन विभाग का अमला पहाड़ी क्षेत्र की निगरानी में लगा हुआ है। वार्डवासियों एवं क्षेत्रवासियों की सुरक्षा को लेकर मुनादी कर सतर्क रहने की अपील कर रहा है। खासकर रात को वे अपने घरों से न निकले, वन्यजीव दिखाई देने पर वनविभाग को खबर करें। वहीं वार्डवासियों को अपनी जान माल एवं मवेशी की चिन्ता सता रही है। काला तेंदुआ के दिखाई देने से क्षेत्र में दहशत बना हुआ है।



**सोशल मीडिया पर काल तेंदुआ की फोटो विडियो वायरल-** सप्ताह भर से छुरिया क्षेत्र के सोशल मीडिया पर दुर्लभ प्रजाति के काला तेंदुआ का फोटो और विडियो जमकर वायरल हो रहा है। कभी वह पहाड़ पर बैठा रहता है तो कभी विचरण करते हुए फोटो और विडियों में देखा जा रहा है । आज मंगलवार को सुबह उसे चदैनीडीह जाने वाले रास्ते पर ग्रामीणों ने पहाड़ पर बैठे देखा।

## मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री की पहल पर जिला जेल महाकुंभ स्नान का विशेष आयोजन



**राजनांदगांव 26 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री श्री विजय शर्मा की पहल पर जिला जेल राजनांदगांव में महाकुंभ स्नान का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर आत्मशुद्धि और नैतिक उत्थान के लिए 358 बंदियों ने प्रयागराज से लाए गंगा जल की पूजा-अर्चना की एवं स्नान किया। इस अवसर पर बंदियों में उत्साह रहा। बंदियों ने इस स्नान के माध्यम से मानसिक और आध्यात्मिक शांति की प्राप्ति की आशा व्यक्त की। कैदियों के बीच धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व को बढ़ावा देने के लिए जेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ स्नान के आयोजन की विशेष व्यवस्था की गई थी। शासन की इस अनोखी पहल से सभी बंदियों में हर्ष का वातावरण दिखा एवं काफी उत्सुकता एवं प्रसन्नता से बंदियों ने महाकुंभ स्नान किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री अक्षय सिंह राजपूत, सहायक जेल अधीक्षक सुश्री पूजा तिवारी एवं जेल के सभी स्टॉफ उपस्थित थे। जेल अधीक्षक श्री अक्षय सिंह राजपूत ने बताया कि जिला जेल राजनांदगांव में महाकुंभ स्नान का आयोजन कराया गया। प्रयागराज से गंगाजल उपलब्ध कराया गया है। समस्त बंदियों ने पूजा की और स्नान किया तथा उनमें एक सकारात्मकता दिखी है। उनके मन में यह बात थी कि वे महाकुंभ में शामिल होने प्रयागराज नहीं जा पा रहे है।

- जेल में निरुद्ध 358 बंदियों ने प्रयागराज से लाए गंगा जल की पूजा-अर्चना कर किया स्नान
- बंदियों के आस्था को जीवंत रखने एवं उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए की गई अनोखी पहल

## बंदियों ने आयोजन के लिए दिया मुख्यमंत्री को धन्यवाद

# सेंट्रल जेल रायपुर:बंदियों ने महाकुंभ के जल से सामूहिक पुण्य स्नान किया

**रायपुर 25 फरवरी।** राजधानी के सेंट्रल जेल में आज सुबह सुन्दर नजारा था बंदियों के लिए भावपूर्ण माहौल था, वे प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से लाए जल से स्नान कर रहे थे। इसके साथ-साथ वे हर हर गंगे और हर हर महादेव के जयकारा लगा रहे थे। बंदियों ने इस आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद दिया। छत्तीसगढ़ शासन एवं जेल प्रशासन की पहल पर केंद्रीय जेल रायपुर में बंदियों को प्रयागराज महाकुंभ से प्राप्त पवित्र



गंगाजल से आज सुबह सामूहिक स्नान कराया गया। बंदियों में महाकुंभ के जल से पवित्र स्नान के बाद श्रद्धा एवं प्रसन्नता के भाव नजर आए। बंदियों ने कहा ऐसा अनुभव हुआ जैसे कि वे स्वयं



महाकुंभ मेले के पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगा रहे हो। केंद्रीय जेल रायपुर में परिरुद्ध बंदी देवतादिन यादव ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हमें आध्यात्मिक शांति एवं आध्यात्मिक शुद्धि प्राप्त हुई है। वहीं आजीवन कारावास की सजा प्राप्त बंदी श्री रघुनाथ यादव एवं प्रेमलाल ठेठवार ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि जेल में रहकर भी हमें महाकुंभ के स्नान का पुण्य मिला। सेंट्रल जेल के इस आयोजन में गंगाजल का विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। साथ ही पानी टंकी को फूलों से सजाया गया और उसके बाद गंगाजल को पानी टंकी में समाहित किया गया। इसके बाद कैदियों ने टैंक के जल को मां गंगा को याद करते हुए स्नान किया। जेल उपमहानिरीक्षक एसएस तिग्गा ने बताया कि इससे पहले इस आयोजन का उद्देश्य बंदियों को आध्यात्मिक शुद्धि का अनुभव कराना और उनकी मानसिक स्वास्थ्य मे सुधार लाना है। गंगाजल को भारतीय संस्कृति में पवित्र और शुद्धिकरण का प्रतीक माना जाता है।

## संपादकीय

# रमन सिंह की नसीहत कितने को याद रहेगी

बड़े-बूढ़ों व अनुभवी बुजुर्गों का काम रहता है कि जब मौका मिले अपने अनुभव के आधार पर सचेत करना कि सफल होना है,सम्मान पाना है तो जो काम करने को मिले,सचेत होकर करना,दूसरे किसी काम के बारे में सोचना तक नहीं।वह कोई नसीहत यूं ही नहीं देते हैं, वह ऐसा करके सफल हुए हैं या लोगों को सफल होते हुए देखा है, इसलिए वह कहते हैं युवाओं से सफल होना है तो क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।वह जानते हैं कि कम ही लोग ही होते हैं जो किसी के बताने पर याद रखते हैं कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। इसके बाद भी वह युवाओं से कहते हैं क्योंकि वह चाहते हैं कि कोई युवा तो उनकी तरफ सफल हो, उनकी तरह देश व राज्य में सम्मान पाए। राज्य के तीन बार के सीएम और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ऐसे ही राज्य के अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं वह कुछ कहते हैं तो अपने अनुभव के आधार पर कहते हैं और चाहते हैं कि युवा उनकी तरह सफल हों, उनकी तरह राज्य में उनका भी सम्मानजनक स्थान हो।हाल ही में उन्होंने एक कार्यक्रम में नए चुने गए भाजपा पार्षदों को नसीहत दी है कि पार्षद बनना ठेकेदार नहीं।वह भी पहली बार पार्षद बने तो उनके सामने भी दो विकल्प थे, पार्षद बने रहना या ठेकेदार बनना।उन्होंने तय किया पार्षद बने रहना है और पार्षद बने रहने के कारण व विधायक बनं, सांसद बने, छत्तीसगढ़ के तीन बार सीएम रहे और आज विधानसभा अध्यक्ष हैं। वह पार्षद की ठेकेदार बनना चाहते तो आज वह क्लास वन ठेकेदार होते, लेकिन जो सम्मान आज मिल रहा है,वह नहीं मिलता। रमन सिंह का साफ कहना है कि राजनीति में पैसा बनाने आए हो या राज्य और जनता के लिए काम करने आए हो। पैसा बनाए आए हो तो पार्षद रहते ठेकेदार बन जाओगे। इससे पैसा को कमा लोगे लेकिन राज्य व जनता के लिए काम करने का जज्बा खत्म हो जाएगा, उसके बाद दोबारा चुनाव लड़ोगे तो जनता समझ जाएगी की यह आदमी पार्षद बनने नहीं ठेकेदारी करने आया है तो वह तुमको दोबारा पार्षद नहीं चुनेगी। नगर निगम में 70 पार्षद हर पांच साल में चुने जाते हैं, ज्यादातर लोग पार्षद चुनाव जीतने के बाद ठेकेदार बन जाते हैं।पार्षद बहुत कम लोग बने रहते हैं, जो पार्षद बने रहते हैं, वही विधायक, सासंद बनते है,मंत्री बनते हैं, सीएम बनते हैं। पीएम बनते हैं। ठेकेदार बनने का विकल्प तो हर पद के साथ रहता है। जब कोई विधायक बनता है,उसके सामने भी पैसा कमाने का मौका आता है।जैसे ही वह पैसा कमाने की सोचता है, सांसद बनने का उसका रास्ता बंद हो जाता है और वह फिर विधायक भी नहीं बन पाता है। पैसा कमाने का मौका तो सांसद बनने पर, मंत्री बनने पर, सीएम बनने पर बढ़ता जाता है। पार्षद में कम पैसा कमाने का मौका रहता है तो सीएम बनने पर ज्यादा पैसा कमाने का मौका रहता है, यानी ठेकेदार बनने का मौका हर पद में रहता है, जो ठेकेदार नहीं बनता है, वह आगे बढ़ता है, उसके लिए सफलता के नए रास्ते खुलते हैं। रमन सिंह ने पार्षद रहते ठेकेदार नहीं बनने का फैसला किया इसलिए सीएम रहते भी वह ठेकेदार नहीं बने, विकल्प तो उनके पास हमेशा था लेकिन उन्होंने चुना कि ठेकेदार नहीं बनना है। जो ठेकेदार नहीं बनता है वह सीएम बनता है।जो ठेकेदार बन जाता है, वह पार्षद,विधायक,सांसद,मंत्री बनकर खत्म हो जाता है। उन्हें कोई याद नहीं करता है। याद तो उनको किया जाता है जो पार्षद से सीएम बनता है। जो सरपंच से सीएम बनता है। रमन सिंह के अलावा राज्य के सीएम विष्णुदेव साय भी ऐसे ही नेता हैं। उनको भी ठेकेदार बनने का मौका सरपंच, विधायक,सांसद, केंद्र में मंत्री बनने पर मिला लेकिन वह ठेकेदार नहीं बने इसलिए राज्य के सीएम बनने योग्य माने गए और चुने गए। राजनीति में आकर पैसा तो बहुत लोग कमाते हैं, लेकिन उनको सम्मान नहीं मिलता है क्योंकि जनता तो अपने प्रतिनिधि के आचरण से जान जाती है कि कौन पैसा कमाने आया है, कौन काम करने आया है। जनता उसके लिए काम करने वाले को हमेशा मौका देती है,उसका सम्मान करती है। राज्य में रमन सिंह का सम्मान राज्य की जनता ने खूब किया क्योंकि वह राजनीति में जनता व राज्य के लिए काम करने आए थे, इसलिए उनको तीन बार जनता ने काम करने का मौका दिया। वहीं भूपेश बघेल को एक बार ही मौका दिया और दूसरी बार मौका देने से मना कर दिया क्योंकि जनता समझ गई थी भूपेश बघेल को दूसरा मौका भी दिया तो वही करेंगे जो पांच साल करते रहे हैं। जनता पांच साल में ही समझ जाती है कि किसे दोबारा मौका देना है किसे दोबारा मौका नहीं देना है।



धर्म | डॉ. रीना रवि मालपानी

# महाशिवरात्रि .......शिव ...... शिव महिम्नस्तोत्र



शिव को समर्पित विशेष रात्रि को हम अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा को दृढ़ता प्रदान करते है। शिव को सभी देवताओं के द्वारा महादेव की संज्ञा से विभूषित किया गया है। यह वही महादानी शिव है जिन्होने कुबेर को लक्ष्मी का खजांची नियुक्त किया। यह वही शिव है जिनकी आराधना राम ने की और रामेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं धाम की स्थापना हुई। यह वही शिव है जिनकी पांडवों ने आराधना की और शिव सदैव केदारनाथ में विराजमान हो गए। महादेव, लिंगराज रूप में विष्णु के साथ यानि हरि-हर स्वरूप में उड़ीसा में विराजते है। यह वही शिव है जो सती के प्रेम में तांडव नृत्य करते है, वर्षो तक अपनी पत्नी की प्रतीक्षा करते है। यह वही शिव है जो अर्धनारीश्वर स्वरूप में शिव-शक्ति के अद्वितीय रूप की भावना को उजागर करते है। शिव ही तो गजानन को प्रथम पूज्य बनाते है। महांकाल की आराधना द्वारा तो व्यक्ति मृत्यु पर भी विजय प्राप्त कर सकता है। शिव ही तो है जिन्होने कालकूट विष को ग्रहण कर, सभी को चिंता मुक्त किया। कितने भोले है शिव जो भस्मासुर को उसकी मनोकामना के अनुरूप वरदान दे दिया। कितने सतचरित्र है शिव जो अपनी बारात में भी सरल एवं सच्चे रुप में प्रत्यक्ष हुए। भूत-पिशाचों को जब कहीं आश्रय न मिला, तो शिव ने उन्हें भी अपने परिवार में संयुक्त कर लिया। ऋषि मार्कन्डेय को चिरंजीवी होने का आशीर्वाद भी शिव कृपा से ही मिला।



महाशिवरात्रि पर हम शिवशक्ति की आराधना करते है। गृहस्थ जनों के लिए शिव परिवार एक आदर्श रूप है। शिवशक्ति के विवाह में शिव ने पार्वती की अनेकों रूप में परीक्षा ली, परन्तु माँ ने अपनी अटूट श्रृद्धा और निष्ठा शिव के प्रति न्यून न होने दी। माँ ने शिव के सच्चे स्वरुप को पहचान लिया और उनके प्रति समर्पित हो गई। गृहस्थ जीवन की श्रेष्ठता तो शिव-पार्वती की शक्ति को समझने में निहित है। शिव परिवार तो एक अनुकरणीय परिवार है, जो कार्तिक और गणेश जैसे पुत्रों से सुशोभित है। यदि आप शिव परिवार का सूक्ष्म विश्लेषण करेंगे तो देखेंगे कि शिव का वाहन नन्दी बैल, माता का वाहन सिंह, एकदन्त गजानन का वाहन मूषक और कार्तिकेय का वाहन मयूर, शिव के गले में सर्प विद्यमान है। सर्प, चूहा, मोर यह सब जातिगत दृष्टि से परम शत्रु की श्रेणी में आते है, वहीं सिंह और बैल भी उसी श्रेणी में आते है। पर शिव परिवार में तो बस सौहाद्र और प्रेम का भाव ही परिलक्षित होता है।

शिव की सहजता कितनी अनोखी है, सभी मंदिरों में शयन, भोग एवं श्रृंगार के अनेकों नियम है परंतु शिव मंदिर में तो समय की बाध्यता ही नहीं है। पूजा के लिए किसी संसाधन की उपलब्धता नहीं चाहिए। जल सरलता से सर्वत्र उपलब्ध है और शिव को जलधारा सर्वाधिक प्रिय है। शिव की सरलता की उत्कृष्टता तो इससे भी परिलक्षित होती है कि वे सबसे फलदायी पूजा और आराधना पार्थिव शिवलिंग की मानते है, अर्थात भक्त मिट्टी से शिवलिंग का निर्माण कर मिट्टी में ही विलीन कर दे। विष को अपने भीतर रखकर भी स्वयं को उद्वेलित न होने देना एवं ध्यान में सदैव लीन रहना तो शिव की ही विशेषता हो सकती है। त्याग की चरमसीमा भी शिव ही दर्शाते है। कैलाश पर निवास, व्याघ्रचर्म, सर्पमाला, शरीर पर भस्म लगाकर आप यह सिद्ध करते है कि संसार में भोग पदार्थो में आनंद नहीं है बल्कि आत्मानंद से श्रेयस्कर कुछ भीं नहीं। 0दशानन रावण को भी तीनो लोको पर विजय होने का आशीर्वाद शिव ने ही दिया था। शिव की शक्ति का ज्ञान तो हमें तब भी होता है जब रावण ने कैलाश को उठाने का प्रयास किया तो आपने सिर्फ पैर के अंगूठे से उसे दबा कर भयभीत कर दिया। जिस गंगा के प्रवाह को देखकर हम आश्चर्यचकित हो जाते है उन्हें तो आपने अपनी जटाओं में कैद कर फिर उनमें स्थान दिया है। शिव ने कामदेव को तत्क्षण भस्म कर दिया था। शिव के अपमान और अवहेलना के कारण ही दक्ष प्रजापति के यज्ञ का विध्वंस हुआ। शिव ऐसे देव है जिनकी पूजा पाताललोक, मृत्युलोक और देवलोक में भी होती है।

शिव को समर्पित अनेक स्तुति है, जैसे शिव तांडव स्तोत्र, रुद्राष्टकम, बिलवाष्टकम, वेदसार शिव स्तवः, शिव पंचाक्षर स्तोत्र, श्री पार्वती वल्लाभष्ट्कम, शिवाष्टक, चन्द्रशेखराष्ट्कम, लिंगाष्टकम, शिव मानस पूजा, द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्र आदि, पर उन सभी में सबसे श्रेष्ठ शिव आराधना के लिए शिव महिम्नस्तोत्र को बताया गया है। इस स्तोत्र में ही उल्लेखित है कि शिव से श्रेष्ठ कोई देव नहीं है एवं शिव महिम्नस्तोत्र से श्रेष्ठ शिव की कोई स्तुति नहीं है। इस स्तोत्र की रचना पुष्पदंत नाम के एक गंधर्व ने की थी। आशुतोष को अतिशीघ्र प्रसन्न किया जा सकता है और शिवरात्रि तो इसके लिए श्रेष्ठ दिन है। महाशिवरात्रि पर हम भी भक्ति की अविरल धारा को शिवशक्ति से प्राप्त कर अपने जीवन को नवीन दिशा प्रदान कर सकते है। तो आइयें हम इस शिवरात्रि शिवशक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर जीवन में नवीन आशा, उमंग, उत्साह एवं नवीन आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करें। शिवशक्ति की सत्ता तो जीवन की पूर्णता को दशार्ती है, साथ ही शिवशक्ति का अर्द्धनारीश्वर स्वरुप जीवन में पुरुष और स्त्री के समान महत्त्व को उजागर करता है। शिवशक्ति का अनुसरण कर जीवन में हम आनंद और ज्ञान की धारा भी प्रवाहित कर सकते है। कभी भी जीवन में शुष्कता न आने दे, अर्थात आनंद को समाप्त न होने दे, क्योंकि शिव तो सदैव आनंद स्वरुप में ही विद्यमान रहते है।

## आज का राशिफल

मेष राशि - मेष राशि वालों के लिए आज महाशिवरात्रि का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहने वाला है. आज आप स्वभाव से काफी सक्रिय रहेंगे और आपका दिमाग नए-नए विचारों से भरा रहेगा. आप अपने लक्ष्यों को मजबूती से हासिल करने के लिए प्रेरित महसूस करेंगे. आपके कार्यस्थल पर सहकर्मी और मित्र आपके साथ मिलकर काम करेंगे, जिससे आपके काम की गति बढ़ेगी. पेशेवर मामलों में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के संकेत हैं. आपकी मेहनत और लगन आज रंग ला सकती है.

वृषभ राशि - आज महाशिवरात्रि का दिन वृषभ राशि वालों के लिए बहुत उत्साहपूर्ण रहने वाला है. आप अपने जीवन में कुछ नया करने के लिए प्रेरित महसूस करेंगे. कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों की सराहना होगी और वरिष्ठ आपके काम की प्रशंसा करेंगे. निजी संबंधों में भी सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होगा. परिवार और दोस्तों के साथ सुखद समय बिताने का मौका मिलेगा. प्रेम के मामले में भी स्थिति काफी अच्छी है, आप अपने साथी के साथ कोई नई योजना बना सकते हैं.

मिथुन राशि - आज महाशिवरात्रि का दिन आपके लिए विचारों की बाढ़ लेकर आया है. आज आपकी बुद्धि और संचार कौशल विशेष रूप से निखर कर आएंगे. निजी और पेशेवर दोनों क्षेत्रों में आप अपनी बातों से दूसरों को प्रभावित करने में सफल रहेंगे. नई योजनाओं पर काम करने के लिए यह आपके लिए अच्छा समय है. संभावित साझेदारी और सहयोग पर ध्यान दें, क्योंकि वे आपके लक्ष्यों को प्राप्त करने में आपकी मदद कर सकते हैं. घटनाओं और गतिविधियों में भाग लेकर अपने जिज्ञासु स्वभाव को आगे बढ़ाएँ, जो आपको नई जानकारी और अनुभव प्रदान करेंगे.

कर्क राशि- आज महाशिवरात्रि का दिन आपके लिए कई नई संभावनाएं लेकर आया है. कार्यक्षेत्र में कुछ खास अवसर सामने आ सकते हैं, जिन्हें आपको अपनी मेहनत और बुद्धिमत्ता से भुनाने की कोशिश करनी चाहिए. आज आपकी भावनाएं अधिक संवेदनशील हो सकती हैं, इसलिए अपने आस-पास के लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने का प्रयास करें. परिवार के साथ समय बिताना आपके लिए सुकून देने वाला रहेगा और इससे आपका मन शांत रहेगा.

सिंह राशि सिंह राशि वालों के लिए आज महाशिवरात्रि का दिन सकारात्मक ऊर्जा लेकर आएगा. आज आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे. आपके विचार स्पष्ट और सकारात्मक रहेंगे, जिससे आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी. पेशेवर जीवन में कुछ महत्वपूर्ण अवसर आपके दरवाजे पर दस्तक दे सकते हैं. आपका सामाजिक जीवन भी सक्रिय रहेगा.

कन्या राशि- आज महाशिवरात्रि का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण है. आज आपको अपने काम में साफ-सफाई और व्यवस्थित रहने की जरूरत है. कार्यक्षेत्र में आपके सामने कुछ नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं, जिन्हें संभालने के लिए आपको तैयार रहना चाहिए. आपकी संचार कौशल में वृद्धि होगी, जिससे आप अपने विचारों को प्रभावी ढंग से व्यक्त कर पाएंगे. यह समय दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत करने का है, क्योंकि आपके विचारों को समर्थन मिल सकता है. स्वास्थ्य के मामले में, अपने मानसिक संतुलन और शांति पर ध्यान देने के लिए कुछ समय निकालें.

तुला राशि - आज महाशिवरात्रि के दिन आप अपने जीवन में स्थिरता और सामंजस्य का अनुभव करेंगे. अपने साथी या परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताना आपको खुश करेगा. आपसी समझ बढ़ाने के लिए संचार बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए अपनी भावनाओं को साझा करने से न चूकें. कार्यस्थल पर आपकी कड़ी मेहनत रंग लाएगी और आपके सहकर्मी आपकी सराहना करेंगे. अपने विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करें, क्योंकि इससे आपको अपने लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

वृश्चिक राशि - आज महाशिवरात्रि का दिन आपके लिए कई नए अवसर लेकर आएगा. आपका आत्मविश्वास और उत्साह आपको नए कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा. कार्यस्थल पर आपकी मेहनत और कुशलता लोगों का ध्यान आकर्षित करेगी, जिससे आपके लिए पदोन्नति या नई ज़िम्मेदारियों का रास्ता खुल सकता है. निजी जीवन में परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना आपको खुश करेगा. आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से हो सकती है, जिससे आपको मानसिक शांति और आनंद मिलेगा. स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें और संतुलित आहार लेने का प्रयास करें.

धनु राशि- आज महाशिवरात्रि का दिन धनु राशि वालों के लिए नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आएगा. आज आप अपनी रचनात्मकता का पूरा उपयोग कर सकते हैं. यह उन नई परियोजनाओं या कार्यों के लिए अनुकूल समय है जिन्हें आप शुरू करना चाहते हैं. आपके व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में अच्छी प्रगति संभव है. दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने से आप पहले से कहीं अधिक खुश रहेंगे. अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में संकोच न करें, इससे आपके रिश्ते मजबूत होंगे.

मकर राशि। आज महाशिवरात्रि का दिन आपके लिए आत्मविश्लेषण और व्यक्तिगत विकास का दिन है. आप अपने लक्ष्यों के बारे में गंभीरता से सोचेंगे और उन पर ध्यान केंद्रित करेंगे. आज आपका मन इस बात पर मंथन करेगा कि आप किन क्षेत्रों में सुधार कर सकते हैं. नई योजनाएँ बनाने और आत्म-मूल्यांकन करने के लिए यह अच्छा समय है. आपका सामाजिक जीवन भी सक्रिय रहेगा और आपको पुराने दोस्तों से मिलने के अवसर मिल सकते हैं. दूसरों के साथ संवाद करते समय धैर्य रखें, क्योंकि आपकी विचारधारा कुछ लोगों से भिन्न हो सकती है. कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और प्रतिबद्धता का असर दिखेगा.

कुंभ राशि- आज महाशिवरात्रि का दिन आपके लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा. आपकी सोचने की क्षमता तीव्र रहेगी, जिसके कारण आप अपने काम में नए और रचनात्मक तरीके अपना पाएंगे. सामाजिक क्षेत्र में आपकी उपस्थिति महत्वपूर्ण रहेगी, और आप दूसरों को प्रेरित कर पाएंगे. लोग आपके विचारों को सुनने और समझने के लिए आगे आएंगे, जिससे नए रिश्ते बन सकते हैं. आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें और बिना सोचे-समझे कोई बड़ा निवेश करने से बचें.

मीन राशि- आज महाशिवरात्रि का दिन मीन राशि वालों के लिए नई संभावनाओं से भरा है. आप अपनी संवेदनशीलता और अपनी सूझबूझ का इस्तेमाल करके दूसरों के साथ गहरे संबंध बनाने में सफल होंगे. कामकाज में साझेदारी के लिए यह बेहतरीन समय है. दूसरे लोग आपके विचारों को सुनने और समझने के लिए उत्सुक रहेंगे. अपने सपनों और इच्छाओं के प्रति सजग रहें, क्योंकि उनमें से कई आज आपकी वास्तविकता बन सकते हैं. निजी जीवन में प्यार और सम्मान का अनुभव होगा. परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना आपको खुश करेगा. आपकी रचनात्मकता आज ऊजार्वान हो सकती है, इसलिए खुद को कला, लेखन या किसी अन्य रचनात्मक गतिविधि में व्यस्त रखें.

## चिंतन मनन

# सनातनी होना गौरव-गर्व की बात

संजीव ठाकुर

वेद तथा सनातनी ग्रंथों से मानव जीवन परिष्कृत होता है और सदाचार तथा वैदिक धर्म का ज्ञान मानव धर्मार्थ की खोज में एक यज्ञ की तरह है'

भारतीय ऋग्वेद, अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के कारण यूक्रेन में युद्ध की स्थिति बन कर पूरे विश्व में वैश्विक युद्ध की संभावनाएं बन गई हैं। इसका हल मी भारतीय संस्कृति संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थी'गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब,टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण है' व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति,बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन है' हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन समाजिक मूलभूत आवश्यकता है' पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट हो'जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत हो' इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान,दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था।यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि जीवन की असली खोज श्रम सार्थकता की उपलब्धि ना होती और तथाकथित सफलता के शिखर पर व्यक्ति बैठ जाता है और शांत हो जाता,तो सफलता के शिखर पर बैठे बिलगेट, वारेन बुफेट जैसे लोग अपनी अकूत संपत्ति का बड़ा भाग सामाजिक उद्देश्य के लिए दान नहीं करते। सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन चलाकर जल तथा पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं करते। कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल संरक्षण के अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं कर पाते। थॉमस अल्वा एडिसन, आइंस्टीन,मैडम क्यूरी और राइट बंधुओं के श्रम और सार्थकता के प्रयास में ही सफलता का परचम फैलाया है। पर इन सब के पीछे उनकी असाध्य मेहनत और दिमागी सार्थकता ही मुख्य कारक बन कर उन्हें उत्प्रेरित करती रहे है। पर दूसरी तरफ यह भी सत्य है कि जीवन में सार्थकता की खोज सफलता के अभाव में संभव नहीं है। क्योंकि श्रम और सार्थकता का महत्व तभी तक है जब तक वह सफल ना हो,परंतु सफलता ही मनुष्य की अंतिम परिणति नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व नगण्य में होने की संभावना बनी रहती है। अतः श्रम मेहनत और सार्थकता समेकित रूप से मिलकर एक बड़ी सफलता को जन्म देते हैं। श्रम तथा सार्थकता तभी प्राप्त होती है, जब सफलता का आधार प्राप्त हो जाए। पर मूलत सफल होना ही पर्याप्त नहीं है। और जीवन की असली खोज निरंतर श्रम तथा सार्थकता है। केवल सफलता आपको अस्थाई तथा तत्कालिक मानसिक शारीरिक सुख प्रदान कर सकती है। पर चिरस्थाई तथा आत्मिक संतोष के लिए उसमें श्रम तथा सार्थकता का समावेश होना अत्यंत आवश्यक होता है। अगर वह समाज के लिए एक आदर्श तथा उपयोगी मार्गदर्शक बन सकता है। इसलिए जीवन में केवल सफलता के पीछे ना जाकर श्रम, मेहनत और सार्थकता अत्यंत आवश्यक पहलू हैं।




## महाशिवरात्रि

# सुख,समृद्धि,सौभाग्यदायक है पारद शिवलिंग

(महर्षि डॉ.पं.सीताराम त्रिपाठी शास्त्री- विभूति फीचर्स)

पारद के पिरामिड और श्रीयंत्र की स्थापना कराने से मनचाहा कार्य होता है परन्तु पारद शिवलिंग की स्थापना एवं आराधना से मनुष्य इस जीवन में भौतिक सुखभोग कर स्वर्ग में निवास करता है। महाशिवरात्रि के दिन पारे का शिवलिंग बनवाकर अपने घर पर विधि-विधान से स्थापित करने से मानवीय एवं दैविक शक्ति प्राप्त होती है। वैसे समस्त देवताओं में सबसे जल्दी प्रसन्न होने वाले भगवान शिव है इसलिए उनका नाम आशुतोष भी है। शिवजी त्याग, सादगी, सरलता के साक्षात स्वरूप है। भोलेनाथ, अवढर दानी, अवधूत, परमवैरागी, महान योगी, महान दानी, कृपालु देवता, उदारता की सजीव प्रतिमा है। शिवलिंगों के रूपाकार में विभिन्न प्रतिमाओं का प्रभाव और प्राचीनता, यह सब इस तथ्य के प्रमाण है कि मानव-सभ्यता के आदि काल से ही शिवजी पूज्य रहे है। पारद शिवलिंग की यह पूजा एवं साधना, तंत्र साधना ही मानी जाती है। आप कहीं से भी शुद्ध, सिद्ध पारद शिवलिंग प्राप्त कर उस पर महाशिवरात्रि के दिन नियमित रूप से बिल्वपत्र चढावे तथा भगवान शिव के पंचाक्षर मंत्र नमः शिवायः का 11 माला जाप कर दुग्ध से अभिषेक करे। आश्चर्यजनक फल उसी क्षण से साधक को मिलने लग जायेंगे। प्राण प्रतिष्ठा व 16 संस्कार युक्त पारद शिवलिंग होना चाहिये। शुद्ध पारे से तांत्रिक साधना द्वारा पारद शिवलिंग का निर्माण किया जा सकता है । भगवान शिव के दो रूप तत्काल सिद्धि प्रदान करने वाले है। ये रूप है पारद शिवलिंग और जलमग्न शिवलिंग।

काले पत्थर में जल का होना और उसके आधार में उपस्थित शिवलिंग महान फल प्रदान करने वाला होता है। अस्तु मेरा मुख्य बिन्दु पारद शिवलिंग है फिर भी जलमग्न शिवलिंग के दर्शन का महत्व धर्म शास्त्रों में कम नहीं है।

शताश्व मेघेन कृतेन पुप्यंगोकोटिमिः, स्वर्ण सहस्प्रदानात।

नृणां भेवत जलमग्नदर्शन मेनः यत्सर्वतीर्थ पु कृतामिषकात॥

अर्थात जो पुण्य 100 अश्वमेघ यज्ञ करने से, करोड़ों गोदान करने से, 1000 तोले के स्वर्ण दान करने से, तथा सभी तीर्थो के दर्शन सम्पन्न करने से प्राप्त होता है वह पुण्य जलमग्न शिवलिंग के दर्शन मात्र से सहज में ही प्राप्त हो जाता है। घर पर स्थापना की लीला ही अलग है। इसी प्रकार पारद शिवलिंग का महत्व है।

*केदार दीनी लिंगनि, पृथित्यां यानि थानिचित।*
*तानि दृष्टंवासु यत्पुण्यतत्पुण्यं रसदर्शनात॥*

अर्थात हिमालय में केदारनाथ आदि पवित्र तीर्थ स्थलों से लेकर पृथ्वी तल पर स्थित समस्त शिवलिंग तथा सम्पूर्ण भारत वर्ष में द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन से जो पुण्य मिलता है वही पुण्य फल पारद निर्मित शिवलिंग की घर में विधि-विधान से स्थापना व दर्शन मात्र से श्रावण माह एवं शिवरात्रि में सहज रूप से प्राप्त हो जाता है।

*रसविधा, पराविधा, त्रैलोक्ये पिं च दुर्ल्लभया।*
*भूक्ति-मुक्ति करी यास्यात, तस्मात यत्नेन गोपयेत॥*

अर्थात जो पुण्य हजार स्वनिर्मित पार्थिव शिवलिंग के पूजन से प्राप्त होता है उससे करोड़ों गुना फल पारद शिवलिंग के पूजन से प्राप्त होता है। रसविधा ही पारदविद्या कहलाती है। उड्डीश तंत्र भी यही कहता है कि पारद शिवलिंग भोग, मोक्ष, ऐश्वर्य का प्रदाता है। अतः मनुष्य को चाहिये कि श्रावण माह एवं महाशिवरात्रि पर पारद शिवलिंग स्थापित कर पूजन करे।



*रसेन्द्र पारदः राज सूतः सूतराजच्च।*
*शिवतेजो रस षप्त नामन्येनं रहस्य नं ॥*

अर्थात रसेन्द्र, पारद, सूत, सूतराज, सूतक, शिव तेजरस ये सात नाम पारद के है। पारे से शिवलिंग बनाया जाय तो अपने आप में अद्भुत तेजस्वी तथा वर-दायक शिवलिंग बनता है। सही अर्थो में ऐसे शिवलिंग को ही पारदेश्वर शिवलिंग कहा जाता है। जहां पारद शिवलिंग होता है वहां केवल मात्र पारदेश्वर शिवलिंग ही नहीं होता अपितु भगवती लक्ष्मी, अन्नपूर्णा, कुबेर भी साथ में स्थापित हो जाते है।

ऐसे घर में लक्ष्मी पूर्ण रूप से चैतन्य होकर स्थापित हो जाती है और धन, धान्य, भूमि, भवन, कीर्ति, यश, दीघार्यु, पुत्र, पौत्र, वाहन और सम्पूण सिद्धियों के साथ लक्ष्मी का निवास उसके घर में होता है। स्वयं भगवान शिव कहते है... *पारदेश्वर स्थापित्यं लक्ष्मी सिद्धि तद्गृहें।*
*धनं धान्यं धरा पौत्रं पूर्ण सौभाग्य वै नरः॥*

अर्थात जिसके घर में आठों संस्कारों से युक्त पारद से निर्मित पारदेश्वर शिवलिंग स्थापित होता है वहां मेरे साथ-साथ कुबेर, विष्णु, लक्ष्मी, सौभाग्य अवश्य मिलता है। वशिष्ठ जी ने अपने ग्रन्थ में कहा...

*पारदेश्वर स्थापित्यं सर्व पाप विमुच्चते।*
*सौभाग्यं सिद्धि प्राप्यन्ते पूर्ण लक्ष्मी नरः॥*

अर्थात चाहे व्यक्ति ने कितने ही पाप किये हो, चाहे उसके जीवन में पूर्व जीवन कृत दोष हों चाहे विधाता ने उसके जीवन में पूर्ण सौभाग्य लिखा ही नहीं हो फिर भी यदि वह अपने घर में पारदेश्वर शिवलिंग को स्थापित करता है तो पूर्ण सौभाग्यशाली बन जाता है। एक अन्य स्थान पर महर्षि याज्ञवल्क्य ने भगवान पारदेश्वर के बारे में कहा है...

*किं दारिद्रयं दुखःपाप किं रोग शोकचः।*
*पारदेश्वर पदं साक्षात लक्ष्मी पूर्ण सौभाग्य प्राप्यते॥*

अर्थात मुझे समझ में नहीं आता है कि मनुष्य के जीवन में दरिद्रता क्यों है। वह दुःखी संतप्त और पीड़ित क्यों है। उसके जीवन में अभाव व बाधाएं क्यों है जबकि उसके पास आठों संस्कार युक्त पारद से निर्मित भगवान पारदेश्वर है। स्वयं माता लक्ष्मी जी ने कहा कि...

*पारदेश्वर सिद्धि वै साफल्यं लक्ष्मी च श्रिय।*
*कनक वर्षा, धनं पौत्र सौभाग्य वै नरः॥*

अर्थात इस कलियुग में मानव जीवन की पूर्णता, सम्पन्नता श्रेष्ठता और सफलता का एक मात्र उपाय ''पारद शिवलिंगऱ प्राप्त कर महाशिवरात्रि पर स्थापित करना है। रावण ने पारद शिवलिंग का निर्माण कर उससे अपनी नगरी को स्वर्णमयी बनाकर यह सिद्ध कर दिया था कि पारदेश्वर की साधना से सब कुछ सम्भव है। स्वयं शिव भक्त रावण ने कहा है...

*पारदेश्वर महादेव स्वर्ण वर्षा करोति य।*
*सिद्धिदं ज्ञानदं मोक्ष पूर्ण लक्ष्मी कुबेर यः॥*

अर्थात स्वयं रावण ने कहा है कि मैंने यह अनुभव किया है कि पारदेश्वर स्थापना व पूजन और साधना के आगे अन्य सभी साधनायें, प्रयोग व उपाय सभी तुच्छ है। मैंने केवल महाशिवरात्रि पर पारदेश्वर की स्थापना व पूजन कर पारद के ही माध्यम से स्वर्ण वर्षा सिद्धसूत से स्वर्ण निर्माण रसायन क्रिया कर लंका नगरी को स्वर्ण बनाने की प्रकिया सम्भव की थी। रसार्वण तंत्र व शिवपुराण में लिखा है

*धर्मार्थकाम मोक्षाख्या पुरूषार्थश्चतुर्विधः।*
*''सिध्यंति नात्र सन्देहो पारद रस राज प्रसादतः॥ऱ*

अर्थात जो मनुष्य पारद शिवलिंग की महाशिवरात्रि एवं श्रावण माह में एक बार भी पूजा कर लेता है उसे इस मानव जीवन में ही अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष, चारों पुरूषार्थो की प्राप्ति हो जाती है। (विभूति फीचर्स)

**एक नजर**

### पीजी कॉलेज में छात्रों को परीक्षा के समय तनाव मुक्त और स्वस्थ रहने के दिए गए टिप्स



**दंतेवाड़ा, 26 फरवरी** । शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार के आज महाविद्यालय के मनोवैज्ञानिक विभाग द्वारा छात्रों को परीक्षा के समय तनाव मुक्त रहने एवं अपने आप को स्वस्थ रखने जैसे विषयों पर परिचर्चा रखी गई थी। इस परिचर्चा में डॉ0 दिनेश लहरी एवं श्री शैलेश चन्द्राकर द्वारा छात्रों को बताया गया कि नियमित मेडिटेशन, पोषक एवं सुपाच्य भोजन और साधारण जीवन शैली के द्वारा भी हम बहुत हद तक अपने मस्तिष्क को सक्रिय रख सकते है जो हमारी पढ़ाई में अति आवश्यक है। तत्पश्चात् उन्होंने, पढ़ाई करने हेतु रणनीति, विषय से संबंधित मुख्य बिंदुओं पर फोकस करके उसके आंतरिक तथ्यों को समझने की प्रवृत्ति, विषयों की पुनरावृत्ति के संबंध में भी छात्रों को जानकारी दी। व्याख्याता द्वय ने छात्रों को समझाइश दी कि पढ़ाई के समय खुशनुमा माहौल बनाए। तथा विषय से संबंधित तथ्यों की आपस में चर्चा अवश्य करें। इसके अलावा परीक्षा के समय किसी निराशाजनक बातों की ओर ध्यान नहीं जाना चाहिए।

### कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

**दंतेवाड़ा, 26 फरवरी** । कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में नियद नेल्लानार योजना की एंट्री, सेचुरेशन, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण प्रारम्भ करने के लिए उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, वन विभाग, मछली पालन विभाग को वीटीपी रजिस्ट्रेशन कराने, आरएमएसए के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य, जिले में पीएम श्री स्कूलों के मॉनिटरिंग, धरती आबा जनजाति ग्राम आदर्श उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, राज्य में 06 वर्ष तक के बच्चों का 100 प्रतिशत आधार कवरेज सुनिश्चित करना एवं पोषण ट्रैकर पोर्टल में आधार अपडेट करने, आवासीय विद्यालय पोटाकेबिन मरम्मत कार्य (जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, जनपद पंचायत गीदम, जनपद पंचायत कटेकल्याण, जनपद पंचायत कुआकोंडा, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग), आस्था किरन्दुल की प्रगति, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में विशेष अभियान के तहत कैम्प लगाकर कार्य किये जाने, छत्तीसगढ़ राज्य में कृषक पंजीयन अभियान सीएससी द्वारा संचालन एवं भुगतान किये जाने, सभी विभागों एवं कार्यालयों में 31 मार्च 2025 तक ई-ऑफिस प्रणाली में स्थानांतरित जैसे साप्ताहिक समय सीमा बिन्दुओं पर कलेक्टर द्वारा दिषा निर्देष दिए गए। बैठक में जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### पलाश के फूलों से महिलायें खेलेंगी होली

**राजनांदगांव, 26 फरवरी।** माँ बम्लेश्वरी स्वंय सहायता समुह से जुड़ी हरियाली बहिनी पलाश के फूलों से खेलेंगी होली अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया कि गाँव गाँव में बैठक लेकर पलाश के फूलों को एकत्रित करने प्रेरित की जा रही है । विगत दिनों छुरिया विकासखंड के ग्राम चिखलाकसा में फूलों को एकत्रित करने की शुरूआत की गई है। लगभग 100 गांवों में चलने वाली अभियान में 5000 के आसपास महिलाये फूलों का रंग गुलाल से होली खेलेंगे साथ ही बिक्री करने बाजार में उतरेंगे। फुलों के रंग गुलाल बनाने रविवार दिनांक 02 मार्च को प्रशिक्षण की तिथी तय की गई है ताकि 14 मार्च को होने वाली होली में अधिक से अधिक व्यवसाय करने का समय मिल सकें।ग्रामीण क्षेत्र में बहुतायत मात्रा में मिलने वाले पलाश (टेशु) में इन दिनों फूल लगी हुई है, फूल देखने में सुंदर लगते है उससे अधिक ये फूल फायदेमेंद साबित हो सकते है। पलाश पौधे के फूल, छाल, पत्ती और बीज किसी औषधी से कम नही है यह फूल हमारे सेहत के लिये फायदेमंद माने जाते है। आयुर्वेद में इन फूलों को एक औषधीय फूल के रूप में जाना जाता है, पलाश में रोगाणुरोधी और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाये जाते है, जो लिवर, डायरिया या अन्य बीमारी में ईलाज के लिये प्रयोग किया जाता है।

महाशिवरात्रि पर देर शाम तक पूजा अर्चना व भजन-कीर्तन जारी रहा, मंदिर में श्रद्धलुओं को शरबत एवं प्रसाद किया गया वितरण

# भक्तों का उमड़ा सैलाब, भोलेनाथ के जयकारों से गूंजे शिवालय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 26 फरवरी।** सुकमा जिले में महाशिवरात्रि का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ श्रद्धालुओं ने मनाया। भगवान शिव के दर्शन करने के लिए सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का कतार देखने को मिला। भक्तजन परिवार के साथ मंदिर पहुंचकर भगवान शिव जी का दर्शन कर परिवार की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। गुरुवार को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जिले में श्रद्धालुओं ने बड़ा उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में शिव भक्त पूजा अर्चना करने के लिए भक्त पहुंचने लगे जो देर शाम तक पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। वहीं मंदिरों में शिव पुराण सहित भजन कीर्तन शिव भक्त के द्वारा किया गया। सुकमा जिला मुख्यालय की राजवाड़ा स्थित शिव मंदिर, बस स्टैंड स्थित काली मंदिर, इस के अलावा शहर के महादेव डोंगरी मंदिर में शिव भक्तों की भीड़ देखने को मिली। इसके अलावा जिले के छिंदगढ़, केरलापाल, तोंगपाल, गादीरास, दोरनापाल, कोन्टा, पुसापल, सहित अन्य जगहों ग्रामीण क्षेत्रों में महाशिवरात्रि पर विशेष पूजा अर्चना किया गया। वही मंदिरों में भक्तों के द्वारा शरबत, खीर प्रसाद का वितरण किया गया।

**शबरी नदी के बीच स्थित शिवलिंग के दर्शन के लिए भक्तों का लगा रहा तांता**

सुकमा जिला मुख्यालय से करीब 8 किमी दूर सभी नदी के बीचों-बीच स्थित शिवलिंग के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। सभी नदी के बीचो-बीच होने से भक्तों श्रद्धालुओं में यहां के प्रति अटूट आस्था है। जिसके कारण से प्रतिवर्ष यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर दर्शन करते हैं।

शबरी नदी के बीच में होने कि कारण यह स्थल और भी प्राकृतिक रूप सुंदर नजारों से अपनी और आकर्षित करता है वही स्थानीय लोगों की माने तो बीच नदी में होने के बाद भी यह शिवलिंग बाढ़ के पानी में कभी नहीं डूबता है। वही शिवलिंग के दर्शन करने के लिए शबरी नदी के सात धाराओं को पार कर शिवलिंग के दर्शन करते है। यह पहुचने के लिए मंदिर समिति एवं स्थानीय लोगों के द्वारा लकड़ी के अस्थाई पुल का निर्माण किया जाता है। जिससे भक्तजन आसानी से शिवलिंग का दर्शन कर सकें। हर साल इसी प्रकार से लकड़ी पुल का निर्माण किया जाता है। स्थानीय निवासी राजेश नारा ने बताया कि तेलवर्ती में शबरी नदी के बीच में स्थापित शिवलिंग के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में आसपास से श्रद्धालु गण पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि यह शबरी नदी के बीच में होने के बाद भी कभी नहीं डूबता है। जिसके कारण यहां श्रद्धालुओं का अटूट आस्था बना हुआ है। नदी के बीचों-बीच होने के कारण प्राकृतिक रूप से सुंदर एवं मनोरम दृश्य देखने को मिलता है, जो अपने आप में एक अद्भुत नजारा होता है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन यहां दर्शन करने से मन वांछित मनोकामनाएं पूरी होती है।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन गायत्री माता की मूर्ति की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राणप्रतिष्ठा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 26 फरवरी।** सुकमा जिले के छिंदगढ़ ब्लॉक के कोकावाड़ा में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन गायत्री माता की प्राण प्रतिष्ठाकर स्थापना की गई। साथ ही सप्त ऋषियों की भी स्थापना की गई। इस अवसर पर शांतिकुंज प्रतिनिधियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ माता गायत्री की प्रतिष्ठा की गई।

मंगलवार को दूसरे दिन मंगलवार प्रातः सामूहिक जप, ध्यान के उपरांत देव पूजा, गायत्री महायज्ञ, दोपहर में नारी सशक्तिकरण, संध्या में संगीत प्रवचन प्रज्ञा पुराण की कथा संपन्न की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य एवं आसपास के ग्रामीण जल शामिल हुए। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में एवं परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के संरक्षण में आयोजित हुआ। 24 से 27 फरवरी तक आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विभिन्न संस्कारों का आयोजन किया जा रहा है।

**तीसरे दिन होंगे 16 संस्कार**

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में 26 फरवरी बुधवार को 16 संस्कारों कराए जाएंगे। यह संस्कार निश्शुल्क होगा। जिसमें उपनयन संस्कार, नामकरण संस्कार, मुंडन संस्कार, विद्या आरंभ संस्कार और दीक्षा संस्कार सहित सभी 16 संस्कार सम्पन्न होगें। इन संस्कार में भाग लेने के लिए सभी लोगों ने पूर्व में ही पंजीयन करवा चुके हैं।

**नगर में बना भक्तिमय माहौल**

कोकावाड़ा में गायत्री महायज्ञ प्रारंभ होते ही यहां वातावरण पूरी तरह से भक्ति में या वातावरण में सराबोर और हो चुका है। गायत्री परिवार के सदस्य प्रतिदिन यहां सुबह से विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर भक्ति में वातावरण में ढल चुके हैं, जिसके कारण से इस क्षेत्र का लोगों में भी भक्ति भाव जागृत है और सभी लोग बढ़ चढ़कर शामिल होकर 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सफल बना रहे हैं।

**महाशिवरात्रि को लेकर विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी**

कोकावाड़ा में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में महाशिवरात्रि का भी भव्य आयोजन किया जाएगा।

जिसकी तैयारी और पूरी की जा चुकी है। गायत्री परिवार के ट्रस्टी ने अनिल टावरी ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर विशेष पूजा अर्चना की तैयारी की जा चुकी है वहीं सभी भक्तों को इस महाशिवरात्रि के अवसर पर जल अभिषेक करने सहित विशेष पूजा अर्चना के साथ संपन्न किया जाएगा।

## जिला जेल सुकमा में महाकुंभ कैदियों ने जेल में किया गंगा स्नान



**सुकमा, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला जेल सुकमा में मंगलवार को सुबह प्रयागराज महाकुम्भ से मंगाये गये गंगा जल से कैदियों का सामूहिक स्नान करवाया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देश पर जेल में बंद कैदियों ने पहली बार आध्यात्मिक स्नान का आनंद उठाया। सुकमा जेल में बंद कैदियों ने हर-हर गंगे की जप के साथ डुबकी लगाई। जिला जेल में दो दिन पहले प्रयागराज से पहुंचे गंगा जल को विधिवत पूजा-अर्चना कर जेल की चहार दीवारियों के भीतर लाया गया। कैदियों की भजन मण्डली ने जेल के मुख्य द्वार से गंगा जल को सुन्दरता से सजायी गई मटकियों में रख कर टंकियों और अन्य कैदियों तक पहुंचाया। महाकुंभ स्नान को लेकर जेल प्रशासन ने पहले से ही तैयारियां कर रखी थीं। जेल अधीक्षक श्री राजेश बिसेन ने बताया कि कैदियों के नहाने वाली टंकी को भी चारों तरफ से सजा लिया गया था। राज्य सरकार के साथ ही जेल प्रशासन ने अपनी ओर से गंगा जल की व्यवस्था कर रखी थी, जिससे कैदियों ने स्नान किया। किसी ने लोटे से स्नान किया तो कईयों ने टंकी में डुबकी लगाई। कैदियों ने राज्य शासन के जेल में गंगा स्नान कराने की पहल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इससे कैदियों को मानसिक और आत्मिक शांति प्राप्त होगी।



जगदलपुर। महाशिवरात्रि पर्व पर आज शिवालयों में रही भक्तों की भीड़

### जिला जेल दंतेवाड़ा में परिरुद्ध बंदियों को गंगा स्नान का मिला पुण्य लाभ

**दंतेवाड़ा, 26 फरवरी** । जिला जेल दंतेवाड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार गृह मंत्री श्री विजय शर्मा एवं जेल मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार 25 फरवरी 2025 को जिला जेल दंतेवाड़ा में परिरुद्ध बंदियों हेतु कहाकुंभ प्रयागराज से लाये गये गंगाजल से स्नान की सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें आध्यात्मिक शुद्धि का अवसर प्रदान किया गया। इसके लिए जिला जेल की दो पानी टंकियों को साफ-सफाई कर फूलों से सजाया गया तथा गंगाजल की पूजा अर्चना कर पानी की टंकी में प्रवाहित किया गया। तत्पश्चात् लगभग 460 बंदियों द्वारा जयकारा लगाते हुये पूरे हर्ष एवं उत्साह के साथ गंगा स्नान किया गया। चूंकि संस्कार और संस्कृति हमारी परंम्पराओं का अटूट हिस्सा है। और आध्यात्मिक भावनाओं से किसी को भी वंचित नहीं किया जा सकता।

## बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री सड़क मार्ग से पहुँची जगरगुंडा, पहले भेजा जाता था हेलीकॉप्टर से



**सुकमा, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा मार्च के प्रथम सप्ताह से आयोजित होने वाले वार्षिक परीक्षाओं के लिए गोपनीय सामग्री का वितरण समन्वयक केंद्र स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल सुकमा से 24 फरवरी को वितरण किया गया। जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 15 संवेदनशील और तीन अति संवेदनशील केंद्र शामिल हैं। गोपनीय सामग्रियों को कुल 3 वाहनों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों के निकटतम पुलिस थानों-चौकियो के लिए रवाना किया। इस वर्ष अति संवेदन शील परीक्षा केंद्र जगरगुंडा जहां पिछले वर्षों तक सुरक्षा की दृष्टि से हेलीकाफ्टर के माध्यम से गोपनीय सामग्री भेजी जाती थी किंतु पहली बार परीक्षा केंद्र जगरगुंडा में सड़क मार्ग से बोर्ड परीक्षा की गोपनीय सामग्री भेजी गई। सोमवार को सभी 18 परीक्षा केंद्रों में गोपनीय सामग्री केंद्र के निकटतम पुलिस थाना में जमा कर दी गई। इस वर्ष 2 नए परीक्षा केंद्र हाई स्कूल पाकेला और हाई स्कूल तालनार बनाए गए है। सभी परीक्षा केंद्रों के लिए सोमवार को मिनी बस और चार पहिया वाहनों से गोपनीय सामग्री भेजी गई। गोपनीय सामग्री वितरण के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर से आए अधिकारी श्री मोहम्मद फिरोज, श्री नारायण नेताम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी आर मंडावी, समन्वयक केंद्र प्राचार्य श्री पी अनिल कुमार, सहायक परियोजना समन्वयक आशीष राम, समन्वयक केंद्र से श्री जगदीश राव, समस्त केंद्राध्यक्ष उपस्थित थे।

# भाजपा के सपने को तार-तार कर दिया सुकमा की जनता ने : दुर्गेश राय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 26 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं सुकमा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता दुर्गेश राय ने कहा है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री कवासी लखमा को जेल में डालकर चुनाव जीतने के भाजपा के सपने को सुकमा की जनता ने तार तार कर दिया है।

दुर्गेश राय ने कहा- भाजपा यह मुगालता पाले बैठी कि वह हमारे सीनियर लीडर कवासी लखमा को झूठे केस में फंसा कर और जेल भेजकर कांग्रेस के अभेद्य गढ़ सुकमा जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जीत जाएगी, मगर जिले के समझदार मतदाताओं ने भाजपा के इस मुगालते को ध्वस्त कर दिया है। श्री राय ने इसके लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है और कांग्रेस के समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं को साधुवाद दिया है। दुर्गेश राय ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हमारे कार्यकर्ताओं ने काफी मुस्किल घड़ी में कम संसाधन एवं धन बल,दबंगई का डट कर सामना किया। कुछ कार्यकर्ता हारे, लेकिन उनकी हार में भी हमारी जीत है। कुछ आस्तीन के सांपों के कारण हमारी कम मार्जिन से हार जीत हुई है, लेकिनसांप की तरह ही हमारा निष्ठावान हर कार्यकर्ता उनकी इन हरकतों को याद रखेगा। दुनिया गोल है कहीं न कहीं टकराव जरूर होगी।कुछ लोगों को भ्रम था कि कवासी लखमा को जेल में डालकर चुनाव जीत जाएंगे, लेकिन देवतुल्य जनता ने उनको करारा जवाब दिया है। आज हमारा हर कार्यकर्ता दोगनी ताकत से धन बल बाहुबल वाली भाजपा को चारोंखाने चित्त कर दिया है। सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जीत की एवं हमारे पराजित कार्यकर्ताओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए दुर्गेश राय ने कहा है कि अगली बार आप सभी जनप्रतिनिधि बन अपने क्षेत्र की जनता नेतृत्व करेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को नक्सल प्रभावित क्षेत्र मे शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए बधाई दी है। दुर्गेश राय ने कहा- मैं विश्वास दिलाता हूं सुकमा की जनता को कि हमारा हर जनप्रतिनिधि वार्ड पंच से लेकर सरपंच, जनपद, जिला पंचायत सदस्य तक आपके साथ 24 घंटा आपकी सेवा मे खड़ा रहेगा। आपका प्यार सहयोग कांग्रेस पार्टी को इसी तरह मिलता रहे।

# पीएम आवास योजना में प्रगति लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**सुकमा, 26 फरवरी।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने सोमवार को छिंदगढ़ विकासखंड के अंतर्गत विभिन्न शासकीय संस्थानों का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव सबसे पहले रोकेल पंचायत पहुंचे। वहां उन्होंने डीएवी स्कूल और पोटाकेबिन आश्रम का निरीक्षण किया और ब'चों के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात वे कुकानार पंचायत में स्थित आत्मानंद स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया। स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त दवाओं को उपलब्धता और ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को लगातार फील्ड भ्रमण करने और स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात वे पंचायत में पीएम आवास योजना के तहत बने नवीन आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें जल्दी से निर्माण कार्य पूर्ण करने की अपील की। इसी तरह से कलेक्टर श्री ध्रुव ने स्वामी आत्मानंद बालिका स्कूल तोंगपाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तोंगपाल, अतिरिक्त कक्ष निर्माण और बालक हायर सेकेंडरी स्कूल तोंगपाल का औचक निरीक्षण किया। तोंगपाल के पश्चात कलेक्टर श्री ध्रुव बालिका आश्रम टाहकवाड़ा पहुंचे जहाँ उन्होंने शिक्षकों की उपलब्धता, ब'चों की उपस्थिति और ब'चों की सुरक्षा व्यवस्था की जाँच की। उन्होंने ब'चों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ब'चों के नियमित स्वास्थ्य जाँच कराने निर्देशित किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे से नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। टाहकवाड़ा ग्राम भ्रमण के दौरान श्री ध्रुव ने गांव में पेयजल और राशन की उपलब्धता के लिए ग्रामीणों से बात की। इस दौरान उन्होंने नल जल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति की जानकारी प्राप्त की। पानी की निकासी के लिए ग्रामीणों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित हल्का पटवारी से लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण की बात कही। भ्रमण के दौरान एसडीएम श्री विजय प्रताप खेस, जनपद सीईओ श्री गुप्ता और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।





जगदलपुर। दलपत सागर में भक्तों की लगी कतार व भंडार का आयोजन

## नाली तो बना दिए पर तराई नहीं हो रही



**सुकमा, 26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुम्हाररास में नाली का निर्माण हो रहा है पर पानी की तराई नहीं हो रही है। इन्जीनियर नगर पालिका परिषद से शिकायत करने पर भी पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे नाली गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ेगा। कई बार ठेकेदार से कहा भी पर आज तक तराई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया है कि इसकी शिकायत कलेक्टर से करेंगे। इन्जीनियर एक बार भी देखने नहीं आया है कि नाली कैसी बन रही है।

## एक नजर

### महासमुंद जनपद के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रदान किए गए प्रमाणपत्र

**महासमुंद, 25 फरवरी ।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री एस. आलोक ने आज 25 फरवरी को जिला पंचायत सभाकक्ष में महासमुंद जनपद पंचायत के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को आधिकारिक रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने सभी विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी। महासमुंद जनपद पंचायत में 23 फरवरी को तीसरे चरण का मतदान संपन्न हुआ था, जिसके बाद मतगणना की प्रक्रिया पूरी की गई। 25 फरवरी को जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1, 2, 3 व 4 का सारणीकरण कर विजयी प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा की गई। इस प्रक्रिया के अंतर्गत निम्नलिखित निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए जिसमें क्षेत्र क्रमांक 01 से श्री जागेश्वर जुगनू चंद्राकर ,क्षेत्र क्रमांक 02 से श्रीमती सृष्टि अमर चंद्राकर,क्षेत्र क्रमांक 03 से श्रीमती देवकी पटेल और क्षेत्र क्रमांक 04 से श्री नैन पटेल शामिल है।इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री आशीष कर्मा ,डिप्टी कलेक्टर मिसा कोसले सहित अन्य संबंधित अधिकारी, विजयी अभ्यर्थी एवं उनके अभिकर्ता उपस्थित रहे।

### मुख्य मंच पर प्रसिद्ध पार्श्व गायक सुरेश वाडेकर की होगी प्रस्तुति

**राजिम,26 फरवरी।** 12 फरवरी से प्रारंभ हुए दुनियाभर में ख्याति प्राप्त देश के पांचवें कुंभ के नाम से प्रसिद्ध राजिम कुंभ कल्प मेला का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर होगा। इस अवसर पर सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान करके अपने आप को धन्य करेंगे। समापन अवसर पर देशभर से पहुंचे साधु-संत एवं विभिन्न अखाड़ों के नागा साधुओं की उपस्थिति में विशाल शोभायात्रा शाही स्नान के लिए निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सुबह 6.30 बजे संत समागम परिसर से निकलेगी, जो नवापारा शहर और राजिम शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कुंभ मेला क्षेत्र में बने शाही कुंड में पहुंचकर शाही स्नान करेंगे।महाशिवरात्रि के एक दिन पहले ही राजिम कुंभ कल्प में श्रद्धालु की भारी भीड़ देखी गई। 25 फरवरी को दोपहर बाद लोगों की भीड़ बढ़ती गई, जो रात होते होते अधिक हो गई। पर्व स्नान करने दूरदराज से पहुंचे श्रद्धालु एक दिन पहले ही राजिम नगरी में पहुंच जाते हैं। रात्रि कार्यक्रम देखकर तड़के सुबह स्नान पश्चात त्रिवेणी संगम में दीपदान कर भगवान श्री कुलेश्वरनाथ महादेव और भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

प्रसिद्ध बॉलीवुड पार्श्व गायक सुरेश वाडकर की होगी प्रस्तुति-राजिम कुंभ कल्प के समापन अवसर पर मुख्य मंच पर प्रतिदिन अंतर्राष्ट्रीय-राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कुंभ कल्प के समापन अवसर पर बॉलीवुड पार्श्व गायक सुरेश वाडेकर के सुमधुर गीत सुनने मिलेगा। मुख्य सांस्कृतिक मंच पर रात्रि 9 बजे के बाद श्री वाडेकर जी की प्रस्तुति होगी।

### राजिम कुंभ कल्प के मंच पर प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने बांधा समां



**राजिम।** 12 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प मेला अब समापन की ओर अग्रसर है। कुंभ कल्प के 13वें दिन मुख्य मंच पर प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने श्याम, शिव और माता के भजनों से ऐसा समां बांधा कि श्याम जी और हर-हर महादेव के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हो उठा। उन्होंने अपने पसंदीदा माता के भजन प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी... की प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय कर दिया और पंडाल में बैठे दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक सुपरहिट भजन गाए जिन पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे। प्यारा सजा है, तेरा द्वार भवानी..., लक्खा को मां तेरा सहारा..., भोला शिव हर-हर भोला..., राम जी से कह देना जय सिया राम..., बांके बिहारी लाल गोपाल..., मन रखियो चरण में..., अरे द्वार पालो..., श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में..., मुझे काल से डर नही लगता, महाकाल मेरे रखवाले है..., जैसे भजनों को सुनकर दर्शक भी गदगद हो गए। गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया।

मुख्य मंच पर सांस्कृतिक की छटा बिखेरने 11 साल की बालिका राधिका शर्मा ने शिव की शक्ति एवं भक्ति पर आधारित शानदार कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे देकर दर्शक भी अचंभित रह गए। इसी मंच पर 10 साल की बालिका भूमि सूता का ओड़िसा नृत्य की प्रस्तुति देकर ओडिसा की संस्कृति एवं वेश-भूषा का परिचय कराया।

स्वामी सच्चिदानंद श्री चक्र महामेरू पीठम दंडी स्वामी पंडाल में साहित्यिक संगोष्ठी संपन्न

# साहित्यकार न होते तो हमारी संस्कृति एवं शास्त्रों के बारे में हम कैसे जान पाते: विश्वानंदतीर्थ महाराज



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,26 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला के संत समागम परिसर में स्वामी सच्चिदानंद श्री चक्र महामेरू पीठम दंडी स्वामी के पंडाल में सोमवार को साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें अंचल के कवि एवं साहित्यकारों के साथ ही स्वामी श्री विश्वानंद तीर्थ महाराज जी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत देश की संस्कृति सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। वेदों को श्रुति कहा जाता है। श्रुति का मतलब श्रवण करना होता है। किसी समय पर सभी शास्त्र यहां तक की वेद, पुराण, उपनिषद को श्रुति इसलिए कहते थे क्योंकि गुरु के द्वारा श्रवण किया जाता था और कंठस्थ करके उसको आगे प्रचलन में लाते थे। एक दूसरे से ऐसा क्रम चलता था परंतु अब वह समय नहीं रह गया है। पुस्तकों के माध्यम से आने वाली पीढ़ी यह जान पाती है कि ज्ञान कैसे अर्जित करना है। ज्ञान क्या है। साहित्यकार एवं विद्वतजन कविताओं के माध्यम से रचना करके हमारे संस्कृति एवं शास्त्रों के बारे में बताते हैं। जिसके माध्यम से आने वाली पीढ़ी जान पा रही हैं।

#### ब्रम्हदत्त शास्त्री ने संत कवि पवन दीवान को याद कर कविताएं पढ़ी

कार्यक्रम में उपस्थित पंडित ब्रह्मदत्त शास्त्री ने संत कवि पवन दीवान को याद करते हुए उन्हें प्रणाम किया। उन्होंने भगवान श्री राजीव लोचन तुम्हें प्रणाम, हमारे संकट मोचन तुम्हें प्रणाम की पंक्ति सुनाई। कवि डॉ. मुन्नालाल देवदास ने प्रभु राम को याद करते हुए शानदार पंक्ति पढ़ी। कहा कि राजा बनने से पहले बनवासी बन गए राम, चौदह वर्ष पैदल चलकर किए अनूठे काम, हे कौशल्या के राम, तुम्हें कोटि-कोटि प्रणाम।

#### मां सरस्वती का रूप लेकर नन्हीं बिटिया प्यार फैलाती हैं : संतोष सोनकर

कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल ने बेटियों पर शानदार रचना पढ़ी और अलग-अलग रूपों का वर्णन किया। जिसमें जन्म देती जब वह बुढ़ी माई कहलाती है, बहन बना प्रेम लुटाती, राखी बांध संतोषी हो जाती है, पत्नी के रूप में सेवा करती जब वह, देवी लक्ष्मी सा मान पाती है, मां सरस्वती का रूप लेकर नन्हीं बिटिया प्यार फैलती है। कवि मकसूदन साहू बरीवाला ने राजिम संगम की महिमा का गुणगान किया।

सुश्री सरोज कंसारी ने नारी शक्ति को जागृत करते हुए कहा कि नारी तुम अदम्य शक्तिमान हो, सृष्टि की सुंदर सी रचना हो, जीवन की छंद व अलंकार हो, हे जग जननी तुम्हारी सदा विजय हो। कवि नूतन लाल साहू, डॉ रमेश सोनसायटी, जोइधाराम तारक ने शानदार रचना पर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम का सुंदर काव्यात्मक संचालन करते हुए राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक किशोर निर्मलकर ने अपनी सुंदर गीत हरिहर लुगरा दाई पहिरी सुग्घर एकर कोरा...ऐला कही थे धान के कटोरा.. पढकर सभी का मन मोह लिया। आभार प्रकट कवयित्री डॉ. केंवरा यदु ने किया।

# स्वास्थ्य,स्वच्छता,जल संरक्षण के प्रति युवाओं को किया जागरूक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,26 फरवरी ।** दिनांक 24/02/2025 को 222 वीं वाहिनी केरिपुबल के द्वारा श्री राकेश अग्रवाल, भा.पु.से, महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सेक्टर सीआरपीएफ और श्री देवेन्द्र सिंह, उपमहानिरीक्षक, बीजापुर रेन्ज सीआरपीएफ के कुशल मार्गदर्शन और श्री विजेंद्र सिंह, कमाण्डेन्ट्र 222 बटालियन के सीधे प्रवेक्षण में, मीडिया एक्शन प्लान 2024-25 के तहत आदिवासी युवाओं के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 6 वीं, 7 वीं और 8 वीं कक्षा के छात्र, जो गंगालूर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से हैं, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य और स्वच्छता, वनीकरण, दालों और बाजरा की खेती, जल संरक्षण वार्तालाप, जैविक खेती, जलवायु परिवर्तन, कौशल विकास, सरकारी रोजगार-उन्मुख योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्याख्यान दिए गए। कार्यक्रम में श्री. सुबोध कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, श्री कुमार ओमप्रकाश सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, डॉ अनंथा कृष्णन जे. वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, डॉ राखी राज वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, श्री बी. वेंकेट रेड्डी, उप. कमाण्ड्रेन्द, श्री ललित किशोर उप. कमाण्डेन्ट् और 222 बटालियन के अन्म अधिकारियों और जवानों के साथ एनजीओ-जन शिक्षण संस्थान बीजापुर के श्री योगेश ठाकुर ने सक्रिय रूप से भाग लिया और युवाओं को उपरोक्त पहलुओं पर जानकारी दी। इसके अलावा उन्हें अपने दैनिक जीवन में अच्छी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में 50 से 60 बच्चों को एक सिविल बस में सुबह गंगालूर से प्रशिक्षण और बीजापुर जिले के दौरे, जिसमें बीजापुर शहर, कलेक्टरेट, पुलिस मुख्यालय, पुस्त?कालय, खेलो इंडिया स्टेडियम, ज्ञानगुड़ी आदि का दौरा शामिल था, के लिए लाया गया। इस अवसर पर, लोहा डोगरी बीजापुर पार्क में दोपहर के भोजन के बाद युवाओं के मनोरंजन के लिए समूह खेलों का भी आयोजन किया गया था। बाद में इन युवाओं को शाम को वापस गंगालूर स्थित उनके स्कूल में छोड़ दिया गया। युवा बहुत खुश हुए, प्रेरित हुए और उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सीआरपीएफ के प्रति आभार व्यक्त किया।

### राजिम कुंभ कल्प में पहुंची किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर सौम्या सखी



**राजिम।** वैष्णव किन्नर आखाड़े से सौम्या सखी पहली बार राजिम कुंभ कल्प मेला में पहुंची हुई है। चर्चा के दौरान सौम्या जी ने बताया कि वे संत समागम समिति और अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण समाज के बैनर तले राजिम आई है। उन्हें इसी वर्ष कुंभ में श्री श्री 108 साध्वी और महामंडलेश्वर की उपाधि मिली है। उन्होंने बताया कि गुरु हिमानीगिरी से दीक्षा लेकर सन्यास ग्रहण किया है। वे वर्तमान में छत्तीसगढ़ी की प्रभारी है। सुरेश्वर महाराज मेरे पिता तुल्य है। उनके दिशा निर्देश पर हम धार्मिक कार्य अनुष्ठान करते हैं। वह सनातन धर्म को आगे ले जाना चाहती है। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए हमेशा खड़ी रहेगी और धर्म के क्षेत्र में हमेशा काम करती रहेंगी।

# राजिम कुंभ कल्प में सुरक्षा को लेकर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था, महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां पूरी

**राजिम, 26 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेले की सुरक्षा को लेकर पुलिस की तगड़ी व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्र से लगे तीन जिलो क्रमशः गरियाबंद, धमतरी और रायपुर की सीमा पर पुलिस कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है जहाँ पर पुलिस के जवानों सहित अर्द्धसैनिक बल, होमगार्ड के जवान तैनात है। इन कंट्रोल रूम के नियंत्रण के लिए मेला क्षेत्र में मुख्य मंच के पास एक पुलिस कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसमें पुलिस के आला अधिकारी-एसपी, एएसपी, सहित अन्य पुलिस अधिकारी सम्पूर्ण मेले की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए है।

#### 1000 पुलिस जवान और 250 सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी

गरियाबंद जिले के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुश्री निशा सिन्हा ने बताया कि राजिम मेला की सुरक्षा के मद्देनजर लगभग 1000 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात है जिसमें जिला बल, एसडीआरएफ, होमगार्ड, पेट्रोलिंग टीम सुरक्षा व्यवस्था पर तैनात हैं। आपराधिक घटना को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये गए हैं जिसे कंट्रोल रूम में बैठकर पूरे मेला परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि 250 सीसीटीवी कैमरे की सहायता से पूरे मेला परिसर सहित लगभग 5 कि.मी. के सराउंडिंग एरिया में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मेला स्थल की ओर आने जाने वाले सभी रास्तों के चौक-चौराहों पर कैमरे से निगरानी की जा रही है।

#### सादी वर्दी में पुलिस बल तैनात

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद सुश्री निशा सिन्हा, निरीक्षक अमृत लाल साहू साथ ही 02 चार पहिया व 03 बाईक पेट्रोलिंग, अग्निशमन विभाग द्वारा फायर ब्रिगेड गाड़ियां भी मुस्तैदी के साथ चौबीसों घंटे किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए खड़ी है। मीना बाजार, मेला परिसर सहित मंदिरों में सादी वर्दी में बल तैनात किए गए हैं, जो हर प्रकार के अपराधी और अपराधिक घटनाओं जैसे चौन स्नेचिंग से निपटने के लिए तैयार है।

#### सुव्यवस्थित यातायात के लिए पुलिस तैनात

इसी तरह यातायात की व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने के लिए आवागमन के दबाव वाले क्षेत्र में यातायात पुलिस की तैनाती की गई है। 17 पार्किंग पॉइंट बनाये गये है। जहाँ मेला स्थल पर आने वाले श्रद्धालु दर्शनार्थी अपने वाहनों को रख सकते है। यातायात जाम होने की स्थिति से निपटने के लिए भी विभाग द्वारा पर्याप्त व्यवस्था की गई है। जिसमे जिला बल, एसडीआरएफ, होमगार्ड पेट्रोलिंग सुरक्षा व्यवस्था पर तैनात हैं। जो व्यवस्था बनाये रखने मे शिफ्ट वाइस राउंड द क्लाक ड्यूटी दे रहे है। इसी तरह नेहरू घाट पर रायपुर पुलिस द्वारा कंट्रोल रूम बनाया गया है।बताया कि सायरन हूटर, वायर लेस व ''पब्लिक एड्रेस सिस्टम'' (सार्वजनिक घोषणा प्रणाली) से लैस 4 पहिया पेट्रोलिंग, 15 बाइक पेट्रोलिंग पूरे मेला में कार्य कर रही है। इसके अलावा एसडीआरएफ के जवान स्नान कुंड के स्थान पर ड्यूटी में है जिससे किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकता हैं। पुलिस द्वारा सुरक्षा बैंड मेला में आने वाले छोटे बच्चों के हाथों में बांधा जा रहा है। जिसमें उनके अभिभावक का नाम, पता व मोबाईल नम्बर लिखा जा रहा है। जिससे बच्चों के गुम होने पर आसानी से पता लगाया जा सके। तीनो कंट्रोल रूम में खोया पाया केंद्र भी बनाया गया है जिसकी मदद से गुम हुए बच्चों, परिजनों, मोबाईल नम्बर व अन्य सामानों को सुरक्षित किया जा रहा है।

#### संत समागम मंच पर संतों का विचार मंथन

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प के संत समागम स्थल पर मंगलवार को संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे संतों ने अपने-अपने विचार रखे। अमरकंटक आश्रम से पहुंचे महंत प्रभाजन मुनी उदासीन ने संतों सहित उपस्थित जनता एवं संतो को संबोधित करते हुए कहा कि गंगा, गीता और गाय की रक्षा ही धर्म है।

### किसान सम्मान निधि: जिले के 18,674 किसानों के खाते में पहुंचे 4.67 करोड़ रुपए



**बीजापुर,26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 24 फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त की राशि बिहार के भागलपुर से 24 फरवरी 2025 को जारी की। जिसमे जिले के 18,674 हजार किसानों के खाते में 4.67 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित हुई। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि विभाग, बीजापुर के सयुंक्त तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में किया गया। जिसमें उपस्थित कृषकों को कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं एवं कृषि विज्ञान केन्द्र से नई-नई तकनीकों का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख श्री अरुण कुमार सकनी, जैविक एवं परम्परा खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं सहायक संचालक कृषि उग्रेश देवांगन ने पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी, साथ ही कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से एग्री स्टेक वेब पोर्टल में कृषकों का पंजीयन किया गया। पंजीयन हेतु स्टाल लगाकर प्रचार-प्रसार किया गया। जिसके तहत किसानों से आवेदन लिये गये, उसी तरह कुछ कृषकों का खाता पोस्ट ऑफिस बैंक अधिकारियों के माध्यम से खुलवाया गया। लोक सेवा केन्द्र की टीम ने आज के कार्यक्रम में उपस्थित होकर आये हुए किसानों का आधार से मोबाईल लिंक कराया गया ताकि विभिन्न शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ किसानों को मिल सके। आरोह फाउण्डेशन के साथ एक विशेष बैठक लेकर संचालक एवं प्रमोटर सदस्यों को कृषक उत्पादक संगठन के सफलता के बारे में विस्तृत मागदर्शन बैठक के माध्यम से दिया गया तथा सहायक संचालक कृषि श्री कृष्ण कुमार सिन्हा ने किसानों से जुड़े अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक श्री बी.के. ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री ललित कुमार झाड़ी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री नोवर सिन्हा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री बोगेन्द्र अल्लूर एवं कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी सम्मलित हुए।

### निर्वाचन कार्य में नशे की हालत में पाये गए कर्मचारियों को कलेक्टर ने किया निलंबित

**बीजापुर,26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्री नागेन्द्र साहू, प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला पोनोडवाया, श्री दयालू राम तारम, प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला बेचरम, श्री शिवलाल भूआर्य प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला उतला एवं श्री भीमसन कुड़ियम सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला पेदापाल को त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के तहत मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं निर्वाचन पश्चात् सामग्री प्राप्त करने हेतु उपस्थित होने आदेशित किया गया था। उक्त स्थल पर शराब पीकर पाये गये निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने के फलस्वरूप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संबित मिश्रा ने उक्त कर्मचारियों को प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, बीजापुर में मुख्यालय निर्धारित किया गया है।



### नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होने पर कलेक्टर ने अधिकारियों को दी बधाई

**बीजापुर,26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिला माओवाद प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद बेहतर प्रबंधन एवं सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्थाओं के बीच नगरपालिका निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तीनों चरण के मतदान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न होने पर कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में संबंधित सभी अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए जिले के विकास में निरंतर अपने सकारात्मक ऊर्जा का प्रयोग कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।निर्वाचन प्रक्रियाओं के तहत आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के कारण से लंबित सभी विकास कार्यो को आचार संहिता समाप्त होने के पश्चात पुनः शुरू कर कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नदंनवार सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण एसडीएम डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।

### सिविक एक्शन प्रोगाम में खेल व घरेलू सामान बांटा



**बीजापुर,26 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के पेद्दापारा (बुर्जी) कैम्प में 222 वी वाहिनी द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कृषि, घरेलू उपयोग एवं खेल के सामानों के वितरण का आयोजन। विजेन्द्र सिंह कमांडेट 222 वी बटालियन के कुशल नेतृत्य में बी/222 समवाय पेद्दापारा (बुर्जी) बीजपुर में दिनांक 24/02/2025 को अधिकारियों एवं जवानों द्वारा सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रो के पेद्दापारा, बद्देपारा नयापारा बुर्जी, नेनपाल, मल्लूर एवं गगांलुर गाँव के ग्रामीणों को सिविक एक्शन प्रोग्राम के आयोजन के तहत खेलो घरेलु एवं कृषि इत्यादि के दौरान उपयोग की जाने वाली बस्तुये जैसे गैंती, फावडा, वालीबाल, फुटबाल, साडी बर्तन कम्बल सोलर लाईट, लुगी, चप्पल, बैग, कापी, पेन, स्कुल डेस इत्यादि वितरण किया गया। इस दौरान 200 से 250 की संख्या में ग्रामीण एवं बच्चों शामिल हुए जिनके लिये कैम्प परिसर में जलपान की भी व्यवस्था भी की गई।

इस अवसर पर क्ष222 समवाय में उपस्थित श्री कुमार ओम प्रकाश सिंह द्वितिय कमान आधिकारी श्री विनोद कुमार सहा0कमा अधिनस्थ अधिकारी अन्य जवान गंगालुर व बुर्जी संरपच कमशः श्रीमति पायल हेमला व सरिता हेमला एवं अन्य ग्रामीन उपस्थित रहे।

कार्यकम के दौरान महोदय ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा के साथ मूल-मूल आवश्यकताओं की पुर्ति हेतु सरकार के द्वारा चलाया जा रहे सिविक एक्सन कार्यक्रम के माध्यम से तथा अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीनो को मिले इसी पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल हमेशा प्रयासरत रहती है और क्षेत्र में शान्ति स्थापित करने एवं ग्रामीणों के बीच सौहार्दपूर्ण बातावरण बनाये रखने के लिए भविष्य में भी प्रयासरत रहेगी।

# 9 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण





**बीजापुर,26 फरवरी।** बटालियन क्षेत्र में सक्रिय रूप से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन में कार्यरत 8 लाख रुपए के ईनामी पार्टी सदस्य,(हक्क डिवीजन में कार्यरत 5 लाख के ईनामी एसीएम, जगरगुण्डा एरिया कमेटी एवं दक्षिण सब जोनल ब्यूरो में कार्यरत 5 लाख रूपये के ईनामी 2 एसीएम कुल 23 लाख रूपये के ईनामी 4 माओवादी सहित कुल 9 माओवादियों ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण।

जिले में चलाये जा रहे नियद नेल्ला नार योजना के तहत अंदरूनी क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्य, सड़क निर्माण, गांव तक पहुंचती विभिन्न सुविधिाओं ने इन्हें किया प्रभावित। संगठन के विचारों से हुआ मोहभंग और मिली निराशा एवं संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक कलह के चलते किये आत्मसमर्पण । आत्मसमर्पित सभी माओवादियों ने कहा कि वे समाज के मुख्यधारा में जुड़कर स्वच्छंद रूप से पारिवारिक जीवन जीना चाहते है।वर्ष 2024 में माओवादी कैडर के छोटे-बड़े 189 माओवादी का आत्मसमर्पण, 58 माओवादियों का मारा जाना साथ ही 503 माओवादियों का गिरफ्तार होने के परिणामस्वरूप माओवादी संगठन कमजोर होते जा रहा है। जल्द ही क्षेत्र में विश्वास, विकास, सुरक्षा एवं शांति का सपना होगा साकार ।वर्ष 2025 में अब तक 40 - माओवादियो ने आत्मसमर्पण, 101- माओवादी गिरफ्तार एवं 56 माओवादी अलग अलग मुठभेड़ में मारे गए है।आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने वाले सभी माओवादियों को प्रोत्साहन स्वरूप 25-25 हजार रुपए नगद राशि प्रदान किया गया।छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति साथ ही छ0ग0 शासन द्वारा चलाये जा रहे ÷नियद नेल्ला नार÷ योजना से प्रभावित होकर 9माओवादियों ने 25 फरवरी को । आत्मसमर्पण किये। आत्मसमर्पित माओवादी के नाम/पद- इस प्रकार हैंलक्ष्मी माड़वी ऊर्फ खुटो पिता नंदा माड़वी उम्र 18 वर्ष जाति मुरिया निवासी तिम्मापुर कर्कनपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, पदनाम-पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 पार्टी सदस्या, ईनाम 08.00 लाख रूपये, वर्ष 2015 से सक्रिय पुल्ली ईरपा ऊर्फ तारा पिता नारू ईरपा उम्र 20 वर्ष जाति दोरला निवासी बेलमनेण्ड्रा पुजारीपारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर, पदनाम- एसीएम ((हक्कडिवीजन), ईनाम 5.00 लाख रूपये, वर्ष 2013 से सक्रिय भीमे मड़कम पति देवा मड़कम उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी मण्डीमरका वेंगुरपारा थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा, पदनाम एसीएम, जगरगुण्डा एरिया कमेटी, ईनाम 5.00 लाख, वर्ष 2011 से सक्रिय रमेश कारम पिता लच्छु कारम उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड्समेटा कारममीडीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, एसीएम दक्षिण सब जोनल ब्यूरो/डाक्टर टीम, ईनाम 5.00 लाख, वर्ष 2008 से सक्रिय सिंगा माड़वी पिता भीमा माड़वी उम्र 19 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेददा धमावरम पटेलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम - धरमावरम आरपीसी मिलिशिया प्लाटून ए सेक्शन सदस्य, वर्ष 2019 से सक्रिय रामलू भण्डारी ऊर्फ रामू पिता कन्ना भण्डारी उम्र 27 वर्ष जाति दोरला निवासी मारूड़बाका भटटीपारा थाना उसूर जिला बीजापुर, पदनाम - मारूड़बाका आरपीसी सीएनएम उपाध्यक्ष, वर्ष 2017 से सक्रिय

देवा मड़कम ऊर्फ मधु पिता स्व0 जोगा मड़कम उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेद्दाधरमावरम पटेलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम - धरमावरम आरपीसी जनताना सरकार सदस्य, वर्ष 2016 से सक्रिय 8. रामा पूनेम ऊर्फ टक्का पिता मंगल पूनेम उम्र 30 वर्ष निवासी चिन्नागेलुर नदीपारा थाना तर्रेम जिला बीजापुर, पदनाम- मिलिशिया सदस्य, वर्ष 2004 से सक्रिय हुंगा माड़वी ऊर्फ कटटी पिता स्व0 हड़मा माड़वी उम्र 19 जाति मुरिया निवासी धरमावरम पटेलपारा थाना पामेड़ जिला बीजापुर, पदनाम- धरमावरम आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष 2016 से सक्रिय ।

## एक नजर

### तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव विवेक शर्मा के भजन से प्रारंभ

**डोंगरगढ़, 26 फरवरी।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय



महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक विवेक शर्मा की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस अवसर पर भजन गायक विवेक शर्मा ने भजनों के साथ साथ जस गीत और मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत किया। महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव का शुभारंभ श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष द्वय अनिल गट्टानी व संजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मिश्रा मंत्री महेंद्र सिंह परिहार सहमंत्री बबलू शांडिल्य पूर्व अध्यक्ष पिताम्बर स्वामी ट्रस्टी गण प्रकाश बिंदल संजीव गोमास्ता अजय ठाकुर ने पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर भजन गायक विवेक शर्मा ने भजनों के साथ साथ जस गीत और मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का आनंद लेने हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### बैंक से निकले बुजुर्ग का पैसा लूटकर अज्ञात युवक फरार

**कोरबा, 26 फरवरी।** लुटेरों के हौसले किस कदर बुलंद है, इसका नजारा कोरबा में देखने को मिला. बैंक से पैसा निकालकर पैदल जा रहे बुजुर्ग से मेन रोड पर लुटेरे पैसे लूटकर फरार हो गए. पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. जानकारी के अनुसार, मानिकपुर गायत्री नगर पोखरी पारा निवासी अपिकर केरकेटा एसएस प्लाजा स्थित बैंक आफबलौदा शाखा से 90 हजार रुपए निकालकर घर जा रहे थे. इस दौरान दो बाइक सवार पास में पहुंचे और हाथ से रकम झटककर फरार हो गए. बुजुर्ग ने लुटेरों को पकड़ने के लिए एक बाइक सवार का सहारा लिया, लेकिन तब तक लुटेरे बहुत दूर निकल चुके थे. घटना की जानकारी लगते ही हड़कंप मच गया. थाना-चौकी में अलर्ट किया गया, लेकिन हाथ कुछ नहीं लगा. बहरहाल, कोतवाली थाना पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### वर्ल्ड थिंकिंग डे मनाया गया

**राजनांदगांव 26 फरवरी।** लार्ड रॉबर्ट स्टीफेन्सन स्मिथ बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल ओलेव सेंट क्लेयर सोम के जन्मदिवस को डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव में वर्ल्ड थिंकिंग डे के रूप में मनाया गया। साथ ही कार्यक्रम में हमारी कहानी है थीम पर लड़कियों में आत्मविश्वास का संचार करने, सही तरीके से जीवनयापन करने आवश्यक कौशल विकसित करने के लिए सर्वधर्म प्रार्थना विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राज्य उपाध्यक्ष स्काउट-गाईड श्री राजेन्द्र गोलछा ने चिंतन दिवस पर मानव सेवा एवं बेजुबान पशुओं की रक्षा, प्राकृतिक संपदाओं के संरक्षण पर जोर दिया। हमारी कहानी है थीम तहत के तहत जीवन संघर्ष कहानी से परिचित करते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए आत्मविश्वास जगाने अंतर्निहित साहस का विकास कर समाजसेवा करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त श्री मयूख श्रीवास्तव, जिला सचिव श्री देवेंद्र अम्बादे, श्रीमती सोमिन साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष श्री देवशरण सेन, प्राचार्य श्रीमती सुनीता खरे, श्री डीडी साहू, श्रीमती अर्चना नेताम सहित शिक्षक एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सजग कोरबा अभियानः किरायेदारों की जानकारी न देने पर होगी सख्त कार्रवाई

**कोरबा 26 फरवरी।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस प्रशासन ने 'सजग कोरबा' अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत मकान मालिकों, होटल और लॉज संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने किरायेदारों और ठहरने वाले लोगों की पूरी जानकारी संबंधित थाना-चैकी में जमा करें। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई मकान मालिक अपने किरायेदार की जानकारी नहीं देता और वह किसी अपराध में संलिप्त पाया जाता है, तो मकान मालिक के खिलाफभी कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# संपर्क केन्द्र की पहल से मिली अपने हिस्से के धान बोनस की राशि

- जिला प्रशासन का जताया आभार

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 26 फरवरी।** जिला प्रशासन बलौदाबाजार द्वारा संचालित सम्पर्क केन्द्र एक बार फिर जरूरतमंदों की समस्याओं के समाधान में कारगर साबित हुआ है। संपर्क केंद्र के द्वारा विभागों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर आवेदिका को धान बोनस की अपने हिस्से की राशि दिलवाया गया। तहसील पलारी के ग्राम बोहारडीह निवासी आवेदिका रितु ध्रुव ने सम्पर्क केन्द्र में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पिता रामू ध्रुव द्वारा वर्ष 2023-24 में विक्रय किए गए धान का बोनस उनके चाचा धनुष ध्रुव द्वारा रोक लिया गया है। संयुक्त खाता होने के कारण कुल 24.40 क्विंटल धान विक्रय के बोनस की राशि धनुष ध्रुव को प्राप्त हुई थी लेकिन जब आवेदिका ने अपने हिस्से की राशि की मांग की, तो उन्होंने देने से इनकार कर दिया। इससे रितु ध्रुव और उनके परिवार को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा था। इसी दौरान उन्होंने समाचार पत्र में बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी की नवाचारी पहल सम्पर्क केन्द्र के बारे में पढ़ा और त्वरित सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से सम्पर्क केन्द्र के हेल्पलाइन 9201899925 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराई।शिकायत मिलने के बाद सम्पर्क केन्द्र ने तत्काल कार्यवाही करते हुए राजस्व विभाग एवं सहकारिता विभाग से समन्वय स्थापित किया। दोनों पक्षों को सम्पर्क केन्द्र में बुलाया गया और अधिकारियों की मध्यस्थता से आवेदिका रितु ध्रुव को उनके हिस्से की राशि 20,000 दिलाई गई। इस समाधान से आवेदिका और उनका परिवार अत्यंत प्रसन्न हुआ।रितु ध्रुव ने इस त्वरित न्याय के लिए जिला प्रशासन एवं कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सम्पर्क केन्द्र जैसी पहल जिले के वंचित और शोषित वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

# मोबाइल मेडिकल यूनिट से मोहल्ले में मिल रही लोगों को उपचार की सुविधा

**बलौदाबाजार भाटापारा, 25 फरवरी।** मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट (MMU) के माध्यम से शहरी क्षेत्र के वार्डो एवं मोहल्लो में लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है।घर के पास ही मेडिकल टीम एवं स्वास्थ्य जांच मिलने से लोग समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच व उपचार करा पा रहे हैं। प्रत्येक यूनिट में प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और तकनीशियन होते हैं जो मरीजों का रक्तचाप, शुगर टेस्ट, हीमोग्लोबिन टेस्ट, प्रेग्नेंसी टेस्ट, सामान्य बीमारी की जांच और अन्य आवश्यक टेस्ट करते हैं। मांगलवार को लवन तहसील अंतर्गत खम्हरिया के स्कूल पारा में एमएमयू पहुंची जिसमें मोहल्ले के लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया।स्कूलपारा निवासी विमला बंजारे ने बताया कि सामान्य कमजोरी के इलाज के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट से आई थी। मुझे डॉक्टर से जांच के बाद उचित उपचार



मिला। गर्भवती सुंदर बाई बंजारे ने भी चेक अप कराया और बताया कि डॉक्टर अच्छे से जांच किया और सारी जानकारी दी। एमएमयू बहुत अच्छा सुविधा है। इसीतरह राजेंद्र कुर्रे ने बताया कि मुझे सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट से मदद मिली।

### विजयी प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी ने सम्यक निर्वाचन प्रमाणपत्र प्रदान किए

**कोरबा 26 फरवरी।** कोरबा जिले में तृतीय चरण का मतदान 23 फरवरी को संपन्न हुआ। इस चरण में जनपद पंचायत कटघोरा में 2 एवं जनपद पंचायत पाली में 3 जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन के लिए ग्रामीण मतदाताओं ने बैलेट के माध्यम से मतदान किया। मंगलवार को जिला पंचायत के सभागार में रिटर्निंग अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग ने सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले प्रत्याशियों को विजयी घोषित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष अंतर्गत समितियों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 उल्लास के साथ मनाये जाने हेतु माहवार 12 माह का कैलेण्डर जारी किया गया है। इसी के परिपेक्ष्य में जिले के 129 पैक्स में मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी 129 पैक्स में मॉडल बॉयलाज का वाचन किया गया। समिति में नये सदस्य बनाये जाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पैक्स कम्प्यूटरीकरण से होने वाले फायदे के बारे में सदस्यों से चर्चा, पैक्स पुनर्गठन योजना पर चर्चा, सहकारी समितियों के पंजीयन के लाभ एवं पंजीयन के प्रक्रिया के



संबंध में विस्तृत चर्चा, पैक्स समिति के सिनियर सिटीजन सदस्यों का सम्मान किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र के लाभ पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में समिति प्रबंधक,शाखा प्रबंधक,पर्यवेक्षक,समिति के कार्यक्षेत्र अंतर्गत कृषक सदस्य उपस्थित थे।

# कृमि मुक्ति के लिए सामूहिक दवा सेवन आज से

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 25 फ़रवरी।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन एवं कृमि मुक्ति हेतु जिले में 27 फरवरी 2025 को सामूहिक दवा सेवन गतिविधि आरंभ किया जाएगा । यह गतिविधि 27 फरवरी से लेकर 13 मार्च 2025 तक ज़ारी रहेगा ।कार्यक्रम की सफलता के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने शिक्षा, महिला बाल विकास,तकनीकी शिक्षा एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी नें बताया कि 15 दिवस की गतिविधि अंतर्गत 27 फरवरी से 02 मार्च तक आंगनवाड़ी स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर दवा सेवन करवाया जाएगा । 03 से 10 मार्च तक समुदाय स्तर पर घर-घर भ्रमण करते हुए दवा सेवन करवाया जाएगा । 11 से 13 मार्च के बीच माप अप राउंड होगा जिसमें छूटी हुई जनसंख्या को दवा सेवन कराया जाना है। इस बीच 27 फरवरी से 13 मार्च तक मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,निजी अस्पतालों में ओपीडी के पास एम डी ए कॉर्नर बनाए जाएंगे जहां सतत रूप से इस अवधि में लोगों को दवा सेवन कराया जाएगा।इसहेतु जिले में 2275 टीम में मितानिन मितानिन प्रशिक्षण एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दवा प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे। ऐसे 4550 दवा प्रशासक बनाये गए हैं। इनके ऊपर 454 सुपर वाइजर हैं जो सामूहिक दवा सेवन गतिविधि की गुणवत्ता का निरीक्षण करेंगे। ईंट भट्ठे, निर्माण स्थल पत्थर क्रशर, मलिन बस्ती ,औद्योगिक श्रमिक कॉलोनी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बताया गया कि फाइलेरिया जिसे आम बोल -चाल में हाथी पाँव भी कहते हैं का संक्रमण मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से तब होता है जब इसके माध्यम से इस रोग का परजीवी शरीर मे प्रवेश कर जाता है । एक बार फाइलेरिया हो जाने पर उसका उपचार नहीं हो पाता अतः बचाव के लिए इस सामूहिक दवा सेवन गतिविधि का क्रियान्वयन जिले में किया जा रहा है । क्योंकि मच्छर इस रोग के वाहक हैं अतः मच्छरों से बचाव हेतु आसपास साफ सफाई रखना, मच्छरदानी लगाकर सोने जैसी गतिविधियां करनी चाहिए जिससे बचाव हो सके।

### प्रयागराज महाकुंभ के जल से जिला जेल में बंदियों को कराया गया सामूहिक स्नान



**धमतरी 26 फरवरी।** छत्तीसगढ़ सरकार और जेल प्रशासन की पहल पर जिला जेल धमतरी में निरूद्ध सभी 239 बंदियों को प्रयागराज महाकुंभ से प्राप्त पवित्र गंगाजल से आज सुबह 8 बजे सामुहिक स्नान कराया गया। सहायक जेल अधीक्षक ने बताया कि इससे पहले गंगाजल का विधि-विधान से पूजा-अर्चना पानी टंकी को फूलों से सजाया गया और उसके बाद गंगाजल को पानी टंकी में समाहित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बंदियों को आध्यात्मिक शुद्धि का अनुभव कराना और उनकी मानसिक स्वास्थ्य मे सुधार लाना है। गंगाजल को भारतीय संस्कृति में पवित्र और शुद्धिकरण का प्रतीक माना जाता है।

# हम तो राजीव भवन बनाने के एक-एक पैसे का पूरा हिसाब दे देंगेः शुक्ला

- ईडी कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के 150 करोड़ का भी हिसाब लेगी? - कांग्रेस
- भाजपा के इशारे पर ईडी राजीव भवन पहुंची थी
- एकात्म परिसर एक रू. में जमीन लेकर हर महीने करोड़ों किराया वसूल रही भाजपा, ईडी कब जांच करेगी

**रायपुर, 26 फरवरी।** भाजपा के इशारे पर केन्द्रीय एजेंसिया अपनी सीमाओं को लांघ रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में ईडी द्वारा सम्मन भेजा जाना बेहद आपत्ति जनक है। ईडी को जानकारी चाहिए कि कांग्रेस के जिला कार्यालय बनाने के लिये फंड कहाँ से आया, हम तो एक-एक पैसे का हिसाब दे देंगे। कांग्रेस ने 15 साल विपक्ष में रहने के दौरान अपने कार्यकर्ताओं और जनता के सहयोग से राजीव भवन बनाया था। जन सहयोग से कांग्रेस भवन बनाना कांग्रेस की परंपरा रही है। रायपुर का ऐतिहासिक कांग्रेस भवन भी आजादी की लड़ाई के दौरान छेर-छेरा पुन्नी के त्योहार के दौरान मांगे गये दान से बनाया गया था, जहां से कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ा था। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस अपने भवनों के बनाने के खर्च के एक-एक पैसे का हिसाब दे देगी। ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ रू. की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे का रुपया कहां से आया इसकी जांच करेड़ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फाईव स्टार होटल की तर्ज पर बनाया गया है। उसकी लागत कहां से आई ईडी जांच करे। रायपुर में ही भाजपा के कार्यालय एकात्म परिसर की जमीन राजनैतिक दल के कार्यालय के लिये भाजपा ने 1 रू. में हासिल किया था।

### बैठक में जनपद, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव की समय सारिणी जारी



**राजनांदगांव 26 फरवरी।** पंचायत संचालनालय द्वारा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन, प्रथम सम्मेलन का आयोजन एवं ग्राम पंचायत के उपसरपंच, जनपद व जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए समय सारिणी जारी की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में जारी समय सारिणी के कार्रवाई के संपादन हेतु आज जिला पंचायत सभाकक्ष में तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने शासन के निर्देशानुसार एवं अधिनियम के प्रावधानों के तहत निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराने के निर्देश अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए। प्रशिक्षण में जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारियों (डिप्टी कलेक्टर) एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स कैलाश शर्मा, दीपक ठाकुर, भूपेश साहू एवं आलोक जोशी ने निर्वाचन के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

# ऑल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में मध्य रेलवे जबलपुर व राजहरा माइंस की टीम विजयी रही

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 26 फरवरी।** निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व लोह अयस्क खदान समूह राजहरा भिलाई स्टील प्लांट (सी.एस.आर.) के तत्वाधान में आयोजित ऑल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के छठवें दिन 25 फरवरी को स्थानीय फुटबॉल स्टेडियम में दो लीग मैच खेले गए जहां पहले लीग मैच में पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर ने एसटीएफसी जम्मु कश्मीर को दो के मुकाबले तीन गोल से पराजित किया वहीं दूसरे लीग मैच में राजहरा माइंस फुटबॉल क्लब की टीम ने इंडिया यूनियन बैंक मुंबई को शुन्य के मुकाबले एक गोल से पराजित किया। और



प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया टूर्नामेंट के सातवें दिन एकमात्र लीग मैच खेला जाएगा जो रब्बानी फुटबॉल क्लब नागपुर वर्सेस यूनाइटेड फुटबॉल क्लब केरला के बीच होगा इसके पहले पंडित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम में दल्ली माइंस एवं राजहरा माइंस के इस्पात कर्मचारियों के द्वारा एक प्रदर्शनी मैच भी खेला जाएगा प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच 27 एवं ग्रैंड फाइनल मैच 28 फरवरी को खेला जाएगा विजेता टीम को डेढ़ लाख रुपए का नगद पुरस्कार एवं उपविजेता टीम को 100000 का नगद पुरस्कार सहित ट्राफी एवं अन्य पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। 25 फरवरी को खेले गये पहले लीग मैच में जम्मू कश्मीर की टीम ने खेल के 14 वे एंव 35 वे मिनट में जर्सी नं 07 विल्सन ने एक के बाद एक लगातार दो गोल कर अपनी टीम को 00 के मुकाबले 02 गोल की बढत दिलाई । इसके उपरांत जबलपुर के खिलाड़ियों ने काउंटर अटैक करते हुए खेल के 43 वे मिनट में जर्सी नं 14 गुंजन कुमार ने पहला गोल कर गोल के अंतर को कम किया मध्यांतर तक जम्मू-कश्मीर की टीम 01 के मुकाबले 02 से आगे रहा।

# कोलाहल अधिनियम का पालन सुनिश्चित करेंः कलेक्टर गांधी

**धमतरी 26 फरवरी।** कलेक्टर सु नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समाज प्रमुखों और अधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक ली। इस अवसर पर कलेक्टर ने आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रात 10 बजे के बाद कोई भी साउण्ड सिस्टम प्रयोग नहीं होगा। इसके साथ ही कोई भी जुलूस, सभा, शोभायात्रा, भंडारा, जनसमुदाय एकत्रीकरण की सूचना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी अथवा थाने को देने और आयोजन की विधिवत् अनुमति लेने कहा। उन्होंने सड़क पर किसी भी स्थिति में जाम ना हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, यातायात नियमों का पालन हो, होली में तेज आवाज वाले फूहड़ गीत, गाड़ियों में भोपू इत्यादि का उपयोग ना हो, होलिका दहन का स्थल निर्धारण हो, हरे-भरे वृक्षों को नहीं काटने, धार्मिक भावना आहत न हों इसका विशेष ध्यान रखने कहा। होली के पूर्व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार करने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही कहीं भी कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल थाने और मजिस्ट्रेट को सूचित करने कहा।

## जिला पंचायत चुनाव

# सविता तिलक सोरी 8 हजार से अधिक मतों से विजयी

- उच्च शिक्षित, मृदुभाषी, मिलनसार एवं सक्रिय महिला के प्रचण्ड मतों से जिला पंचायत सदस्य बनने से अंचल में हर्ष व्याप्त

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगॉव, 26 फरवरी।** नवगठित मोहला मानपुर अम्बागढ़ चैकी जिले के अंतर्गत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 कौड़ीकसा से ग्राम अरजपुर निवासी मती सविता तिलक सोरी 08 हजार से अधिक मतों से जिला पंचायत सदस्य पद हेतु विजयी हासिल की। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत अंतिम चरण के अंतर्गत 23 फरवरी को संपन्न मतगणना के दौरान मती सविता तिलक सोरी को अपने जिला पंचायत क्षेत्र के अधिकांश मतदान केन्द्रों से बढ़त मिली है। मती सविता तिलक सोरी जैसे एक उच्च शिक्षित, मिलनसार, मृदुभाषी, सौम्य एवं जुझारू महिला के रूप में क्षेत्र के लिए जिला पंचायत सदस्य मिलने से अंचल में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि मती सविता तिलक सोरी अंबागढ़ चैकी विकासखंड के मूल निवासी है। उनके पति तिलक सोरी राज्य वित्त सेवा के शिर्षस्थ अधिकारी के रूप में संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन विभाग में वित्त नियंत्रक के पद पर पदस्थ है। मती सविता सोरी लंबे समय तक अंचल के विकास के लिए सक्रियता के साथ काम कर रही है। सविता सोरी के प्रचंड मतों से विजयी होने पर गोण्डवाना समाज के संभागीय अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम, संभागीय संरक्षक जगत सलामे एवं सुरेश दुग्गा, संभागीय सलाहकार हीरेसिंह घावड़े, महासचिव तुकाराम कोर्राम, कोषाध्यक्ष तुलसी राम मरकाम, संभागीय सचिव कुमार कोरेटी, युवा प्रभाग के संभागीय अध्यक्ष अंगद सलामे, ब्लाक अध्यक्ष सर्व बाबूराव हिड़को, दिनेश कोरेटी, पुरूषोत्तम मण्डावी सहित सभी समाज प्रमुखों ने मती सविता तिलक सोरी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि


# जिले के किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की जरूरतः कलेक्टर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 26 फरवरी।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि निर्माण कार्यों से जुड़े सभी विभाग कार्यों में गति लाए तथा भौतिक लक्ष्यों की पूर्ति पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करें। सभी विभाग योजनाओं की भौतिक व वित्तीय लक्ष्य एवं उपलब्धियों के संबंध में जानकारी अद्यतन करें। कलेक्टर ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर, पीजीएन, पीजी पोर्टल, मुख्यमंत्री



जनदर्शन पोर्टल, जन चौपाल में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की तथा शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कस्टम मिलिंग, चावल जमा की प्रगति, धान की खरीदी, धान का उठाव के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों से संग्रहण केन्द्रों में धान सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। खाद-बीज की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सतत आपूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत जिले के किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की जरूरत है।




संवाद आर.ओ.-42976/93

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26